## शहर में आज

● इस्कॉन यूथ फोरम की आशियाना फेज एक स्थित केंद्र पर बैठक दोपहर 12 :00 बजे।

## एक नजर



डंपर की टक्कर से पेड़ से टकराई पिकअप।

### पिकअप में डम्पर ने मारी टक्कर, ड्राइवर घायल

**मैनाठेर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के डींगरपुर से कुंदरकी रोड पर देर रात चार बजे मुरादाबाद मंडी में सब्जी डालकर लौट रही पिकअप को गुरैर के पास डम्पर ने टक्कर मार दी। जिससे पिकअप अनियंत्रित होकर पेड़ से जा रुकी इस घटना में ड्राइवर विशाल को मामूली चोटे आयी है। मैनाठेर थाना क्षेत्र में पिछले माह से लगातार ट्रेक्टर –ट्राली एवं डम्पर से खनन चल रहा है। पुलिस प्रशासन इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है कल रात भी सूत्रों का कहना है की कुंदरकी रोड पर डम्पर से खनन चल रहा है जिसकी बजह से ये हादसा हुआ है आये दिन खनन के डम्पर की वजह से इस तरह के हादसे हो रहे हैं, पुलिस अधिकारी भी बेपरवाह बने हुए हैं।

### मारपीट और वारंट के मामलों में पांच गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने मारपीट व वारंट के मामलों में कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि दिबदिबा गांव की सोढ़ी कॉलोनी निवासी राहुल कुमार पुत्र सुभाष कुमार व सुरजीत चौहान पुत्र जगदीश चौहान, इसी गांव की सुभाषनगर कॉलोनी निवासी रेहान पुत्र मुख्तार अंसारी तथा नगर की सिंह कॉलोनी निवासी अनिल पुत्र पातीराम को मारपीट के मामलों में पकड़ा गया है। इनके अलावा नया गांव के रहने वाले दीदार मसीह पुत्र बरकत मसीह को कोर्ट के वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उसके विरुद्ध 2017 से विद्युत अधिनियम के तहत वाद विचाराधीन है। वह इसकी तारीखों पर कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा था। इसलिए अदालत ने उसके वारंट जारी कर दिए थे। पुलिस ने पांचों आरोपियों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### कहीं ई-रिक्शा तो कहीं ऑटो से स्कूल पहुंच रहे विद्यार्थी, जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के आदेश के बाद भी नहीं हो रहा नियमों का पालन

# बाइक-स्कूटी से सड़कों पर फर्राटा भर रहे स्कूली बच्चे, जिम्मेदार बेपरवाह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर की सड़कों पर स्कूली बच्चे यातायात नियमों की खिल्ली उड़ा रहे हैं। 18 साल से कम आयु के अधिकांश बच्चे आपको आराम से स्कूल आते जाते समय स्कूटी या बाइक चलाते दिख जाएंगे। स्कूलों के बाहर यह बच्चे अपने वाहन खड़े कर रहे हैं। इतना ही नहीं किसी स्कूल में बच्चे ई रिक्शा से पहुंच रहे हैं, तो किसी स्कूल में ऑटो से। बसों में भी नियमों का पूरी तरह से पालन नहीं किया जा रहा। लेकिन, जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने अभी तक ऐसे स्कूलों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बुधवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें अनफिट स्कूली वाहनों पर शिकंजा कसने की बात कहीं गई। लेकिन, धरातल पर स्थिति बहुत ज्यादा गंभीर है। यातायात नियमों के तहत 18 वर्ष से कम आयु में अगर कोई बच्चा बाइक या स्कूल चलाता पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ चालान व अभिभावक को जेल तक का प्रावधान है। लेकिन, नाबालिक महानगर की सड़कों पर बाइक या स्कूटी से फर्राटा भर रहे हैं। महानगर के स्कूल में बच्चे स्कूल व बाइक लेकर पहुंच रहे हैं। हालांकि इन वाहनों का स्कूलों में प्रवेश वर्जित है। लेकिन, बच्चे स्कूल के बाहर इन वाहनों को खड़ा करते हैं। छुट्टी के समय महानगर की सड़कों पर यह बच्चे रोज आपको बाइक और स्कूटी चलाते दिख जाएगे। उधर, स्कूल की बसों में भी नियमों का पालन नहीं हो रहा है। बच्चे ई रिक्शा और ऑटो से भी स्कूल आ जा रहे हैं। हालात इतने खराब हैं कि कई बार तो ई रिक्शा में 7,8 बच्चे बैठे मिलते हैं। लेकिन, अभी तक इनके खिलाफ यातायात पुलिस शिकंजा कसने में नाकाम रही है।





सिविल लाइंस क्षेत्र में आंबेडकर पार्क के पास स्कूटी पर इस तरह फर्राटा भर रहीं छात्राएं और छात्र। लेकिन, किसी भी जिम्मेदार ने इन्हें नहीं रोका। ● अमृत विचार

### क्या हैं सुरक्षा संबंधी नियम

**नियमत :** वाहनों में स्वीकृत सीट से अधिक बच्चों को नहीं बैठाना चाहिए। इन वाहनों के उन हिस्सों में जहां शीशे वाली खिड़कियां नहीं होती वहां जाली लगी होनी चाहिए, जिससे बच्चे चाहकर भी सिर या शरीर का कोई हिस्सा बाहर न निकाल सकें। ड्राइवर की सीट के आसपास बच्चे बैठे नहीं होने चाहिए। वाहन यदि गैस चालित है तो स्वीकृत गैस किट होनी चाहिए और वाहन अग्निशमन यंत्र से लैस होना चाहिए। वाहन में बच्चों की देखरेख करने वाला कर्मचारी होना चाहिए, लेकिन यह सब कुछ होता नहीं है ।

निजी स्कूलों में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए बाइक व स्कूटी से प्रवेश बंद है। किसी भी स्कूल में बिना लाइसेंस के बच्चें स्कूल में बाइक खड़ी नहीं कर सकते हैं। स्कूलों की ओर से लगी बसों व निजी वाहनों पर यातायात नियमों का पालन किया जाता है।

**–नीरज गुप्ता, महासचिव,** मुरादाबाद एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट स्कूल

स्कूटी या बाइक से अगर बच्चे स्कूल जा रहे हैं तो इसमें अभिभावकों को भी अपने बच्चों पर सख्ती करनी चाहिए। दूसरी ओर स्कूलों ने बसों की फीस इतनी महंगी कर दी है कि अभिभावकों को मजबूरन बच्चों को ई रिक्शा या ऑटो में भेजना पड़ रहा है। **– अनुज गुप्ता, अध्यक्ष,** मुरादाबाद पैरेंट्स ऑफ ऑल स्कूल

यातायात नियमों का पालन सभी को करना अनिवार्य है। यातायात नियमों का स्कूली बच्चे या अन्य कोई भी उल्लंघन करेगा तो इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्कूलों में वाहनों की समय–समय पर फिटनेस चेक होती है। महानगर में छोटे–बड़े 800 स्कूली वाहन हैं।

**–राकेंद्र सिंह,** आरटीओ

# अवैध रूप से गेहूं का भंडारण करते टीम ने पकड़ा उत्तराखंड ले जाया जा रहा 2550 क्विंटल गेहूं जब्त

### जिला खाद्य विपणन अधिकारी के नेतृत्व में टीम ने भगतपुर व मूंढापांडे में की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** गेहूं का अवैध भंडारण व संचरण करने वाले आढ़तियों व कारोबारियों पर खाद्य विभाग की टीम ने जांच कर कार्रवाई की। टीम ने भगतपुर और मूंढापांडे ब्लॉक में अलग-अलग कारोबारियों के पास से कुल 2550 क्विंटल गेहूं जब्त किया। ऐसा कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश विपणन व मंडी निरीक्षकों को दिया। पकड़ा गया गेहूं उत्तराखंड के काशीपुर ले जाने की तैयारी थी।

जिलाधिकारी के निर्देश पर टीम ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह के नेतृत्व में भगतपुर और ब्लॉक मूंढापांडे क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। भगतपुर ब्लॉक क्षेत्र में गेहूं का अवैध भंडारण करने वाले मेसर्स सूर्या ट्रेडर्स से 250 क्विंटल गेहूं पकड़ा। इसके अलावा विशेष कमीशन एजेंट, एसआर ट्रेडर्स पर 250-250 क्विंटल गेहूं का अवैध भंडारण पाया। वहीं चांदपुर फूड ग्रेन एजेंसी और नन्हें आढ़ती के पास से भी 500-500 क्विंटल गेहूं जब्त किया गया।

मूंढापांडे ब्लॉक में ट्रकों पर लदा 800 क्विंटल गेहूं पाया गया। जिसे टीम ने स्थानीय थाने पर वाहन खड़ा कर दिया। जिसमें मेसर्स रहीम ट्रेडर्स व मेसर्स आसिफ अली ट्रेडर्स से 300-300 क्विंटल और मुरादाबाद सदर विकास खंड में इरफान ट्रेडर्स से 200 क्विंटल गेहूं पकड़ा गया। टीम ने इस प्रकार कुल 2550 क्विंटल गेहूं का अवैध भंडारण पकड़ा। जिसे पुलिस की निगरानी में सौंप दिया। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। पकड़ा गया गेहूं उत्तराखंड के काशीपुर ले जाने की तैयारी थी। जिन वाहनों में गेहूं लदा था उसे पुलिस की निगरानी में सौंप दिया गया है। ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। टीम में विपणन निरीक्षक भगतपुर टांडा विपिन श्रीवास्तव, विपणन निरीक्षक दलपतपुर राघवेंद्र सिंह, मंडी निरीक्षक मुकेश पाल सिंह, विपणन निरीक्षक दीपक कुमार, केंद्र प्रभारी मिथुन कुमार आदि शामिल रहे।




अवैध रूप से गेहूं ले जाते ट्रक को रोक कर कार्रवाई करते जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

**कार्रवाई**

- चेकिंग कर कई गाड़ियों में लदा गेहूं टीम ने किया जब्त
- अवैध भंडारण व संचरण करने वालों पर कसा शिकंजा

## जेठ पर छेड़छाड़ व ससुराल वालों पर मारपीट का आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विवाहिता ने जेठ पर छेड़छाड़ करने और ससुराल के अन्य लोगों पर मारपीट करने के आरोप में कटघर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर उसके आरोपी पति, जेठ, देवर, सास और ननद समेत पांच के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि उसकी शादी 7 जुलाई 2022 को अमरोहा के मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक से हुई थी। शादी के बाद से ससुराल वाले दहेज के लिए उसे प्रताड़ित कर रहे थे। पांच लाख रुपये मायके से लाने के लिए दबाव बनाते थे। 6 जनवरी 2024 को पति, जेवर और जेठ ने शराब पीकर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। मां को कॉल करके 5 लाख रुपये मांगने को कहा। पीड़िता ने बताया कि जेठ ने उसके साथ अश्लीलता भी की। फिर उसके विरोध करने पर पति और देवर ने मारा और गला दबाकर मारने की कोशिश की थी। शोरगुल सुनकर मुहल्ले वालों ने आकर उसे उसे बचाया। अगले दिन पीड़िता पुलिस की मदद से बेटे के साथ ससुराल से मायके में आ गई।

# बेटा बीएसएफ में है...दहेज में 25 लाख नकद और बोलेरो चाहिए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**रिपोर्ट**

- 10 मई को बिटिया की आनी है बरात, दांव पर लगी प्रतिष्ठा
- मैनाठेर थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

**अमृत विचार:** बेटी की 10 मई को बारात आनी है...ससुराल वालों ने 25 लाख रुपये नकद और बोलेरो गाड़ी की शर्त रख दी है। ऐसे में बिटिया के परेशान पिता ने उसकी ससुराल वालों के हाथ जोड़कर काफी मिन्नतें भी की लेकिन, बात नहीं बनी। फिर पीड़ित पिता एसएसपी के सामने हाजिर होकर अपनी व्यथा बताकर समाज में लाज रख लेने की गुहार लगाई। इस मामले में मैनाठेर थाना पुलिस ने गुरुवार को दहेज प्रतिषेध अधिनियम में छह लोगों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की है। इसमें हरभजन, शांति, प्रदीप, सुनील, रविंद्र और हरभजन का दामाद सुनील नामजद हुए हैं। ये सभी संदलपुर गांव के रहने वाले हैं।

यह मामला रामपुर जिले के शाहबाद के मिलक तुरखेड़ा गांव के राम प्रसाद की तहरीर पर दर्ज हुआ है। नामजद हुए लोगों में प्रदीप राम प्रसाद का होने वाला दामाद है, जो बीएसएफ में तैनात है। राम प्रसाद ने पुलिस को बताया है कि बिटिया की 10 मई को बारात आनी है। शादी से पहले वह 5.50 लाख रुपये नकद व शगुन-टीका में 50,000 रुपये का सामान दे चुके हैं। शादी की तैयारी लगभग पूरी कर चुके हैं। 500 कार्ड बांट चुके हैं। एडवांस में एक लाख देकर हलवाई बुक हो गया है। 12 लाख में टेंट बुक हुआ है। टेंट वाले को दो लाख एडवांस दे आए हैं। शादी का कीमती सामान भी खरीद लाए हैं। इसके बाद अब बिटिया की होने वाली ससुराल के लोगों की दहेज की मांग बढ़ गई है। राम प्रसाद पीडब्ल्यूडी में मेट से 2020 में सेवानिवृत्त हो गए थे। बताया कि उनके तीन बेटियां हैं। इसमें बड़ी बेटी की शादी पहले की थी। दामाद कांस्टेबल है, जो लखीमपुर खीरी में तैनात है। दूसरे नंबर की बेटी का विवाह में उसकी होने वाली ससुराल के लोग दहेज के चक्कर में बरात लाने को तैयार नहीं हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि जब बिटिया की शादी देखने गए थे तो उन्होंने उन लोगों से दान-दहेज के बारे में भी पूछा था तो उन सभी ने यही कहा था कि दहेज में कुछ नहीं चाहिए, जो दोगे अपनी बेटी को दोगे। इसके बाद वे लोग राम प्रसाद के घर भी आए थे, तब उन्होंने दान-दहेज का जिक्र किया था। लेकिन, बिटिया की होने वाली ससुराल के लोगों ने कोई जवाब नहीं दिया था।

## 39 दिन बाद एसएसपी के निर्देश पर दर्ज हुई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** घटना के बाद पुलिस एफआईआर दर्ज करने में आज भी आनाकाना करती है। ऐसा ही एक मामला बिजनौर जिले के पेंजनिया निवासी छात्र का सामने आया है।

छात्र जितेंद्र पाल सिंह ने बताया कि उसकी बाइक 23 मार्च को नवीन नगर में स्टूडेंट चाउस लाइब्रेरी के बाहर से चोरी हो गई थी। इस मामले में उसने तीन बार सिविल लाइंस थाने में प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन एफआईआर तक नहीं दर्ज की गई। इसके बाद वह एसएसपी के सामने पेश हुआ था। जिस पर घटना के 39 दिन बाद गुरुवार को उसकी बाइक चोरी मामले में एफआईआर दर्ज हुई है। छात्र ने बताया कि वह अस्थायी तौर पर मुरादाबाद में दीनदयाल नगर फेज-2 में रहता है। उसने बताया कि पढ़ने के लिए वह 23 मार्च की सुबह 10.15 बजे के दौरान नवीन नगर में स्टूडेंट चाउस लाइब्रेरी गया था, जहां परिसर में अपनी बाइक खड़ी की थी। पढ़ाई के बाद जब वह दोपहर 1.06 बजे लाइब्रेरी से बाहर आया तो देखा उनकी बाइक गायब थी। छात्र जितेंद्र पाल सिंह ने बताया कि वह अस्थाई तौर पर मुरादाबाद में दीनदयाल नगर फेज-2 में रहते हैं।

## सस्ता प्लॉट दिलाने के नाम पर ठग लिए 1.80 लाख

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सस्ता प्लाट दिलाने के नाम पर आरोपी ने 1.80 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर एसएसपी ने थाना प्रभारी निरीक्षक मझोला को आरोपी हितेश मलिक उर्फ हंसू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को बुद्धि विहार निवासी मनीष कुमार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना को शिकायती पत्र दिया। इसमें उन्होंने मिलन विहार की गुरुनानक कॉलोनी के रहने वाले हितेश मलिक उर्फ हंसु के खिलाफ सस्ता प्लॉट दिलाने के नाम पर 1 लाख 80 हजार रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया। पीड़ित ने बताया कि रुपये वापस मांगने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है।

# डिवाइस की छिनैती नहीं हुई...टूटी मशीन का एक टुकड़ा ऑटो में मिला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** दिल्ली रोड पर रेलवे स्टेशन गेट नंबर दो-तीन के बीच में मंगलवार दोपहर मां के साथ ऑटो सवार बच्चे के कान में लगी कॉक्लियर इंप्लांट डिवाइस छीने जाने का मामला साफ हो गया है। घटना का खुलासा करते हुए एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि बच्चे के कान में लगी डिवाइस की छिनैती नहीं हुई बल्कि ये घटना मिसिंग की है।

एसपी सिटी ने बताया कि महिला (कुसुमलता) ने बताया था कि उसके बच्चे के कान में लगी मशीन कोई ले गया। इस मामले में नगर कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। फिर पुलिस टीमों ने गहराई से जांच की। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज जांचे गए, उन्होंने कहा कि ऑटो को ट्रेस कर उसके चालक और अन्य लोगों से विस्तृत पूछताछ हुई तो पता चला कि बच्चे के जिस कान में मशीन लगी थी, उस पर बच्चा थोड़ी-थोड़ी देर में हाथ मार रहा था। जिससे उसी ऑटो में वह मशीन एक बार गिर भी गई थी। सफर में बच्चा अपना सिर बाहर निकाल रहा था तो ऑटो में बैठी सवारियों ने भी टोका था कि इसकी मशीन कान से बाहर गिर सकती है। फिर रेलवे स्टेशन के पास आकर महिला ने ऑटो को रुकवाया और कहा भी कि उसके बच्चे की मशीन कहीं गिर गई है। वह महिला पीछे कुछ दूरी तक मशीन खोजने भी गई थी। एसपी सिटी ने कहा, इस बात की पुष्टि ऑटो के चालक ने पूछताछ में की है। लेकिन, बाद में महिला ने कहा कि उसके बच्चे के कान से मशीन कोई झपट ले गया है। मशीन कौन झपट ले गया...आरोपी किस वाहन से था, किसी ने उनको देखा या नहीं देखा इन प्रश्नों पर महिला कोई उत्तर नहीं दे रही है पर वह कह रही है कि उसे किसी के द्वारा उसके बेटे के कान से मशीन झपट ले जाने का आभास है।

एसपी सिटी ने कहा कि कैमरों के फुटेज में भी ऐसी कोई घटना पुष्ट नहीं हुई है। इस तरह लंबी जांच के बाद स्पष्ट हुआ है कि मशीन किसी तरह से दो हिस्से में टूट गई थी। इसका एक हिस्सा ऑटो में मिला है और दूसरा हिस्सा कहीं रास्ते में गिर गया होगा। रास्ते में गिरे मशीन के टुकड़े को पुलिस खोज रही है। एसपी सिटी ने कहा है कि कुल मिलाकर ये घटना छिनैती की न होकर मिसिंग की थी।

**खुलासा**

- एसपी सिटी बोले- मिसिंग की है घटना, दूसरे टुकड़े को खोज रहे
- बच्चे के कान में लगी कॉक्लियर इंप्लांट डिवाइस छीनने का मामला

### यह था पूरा मामला

पीतलनगरी कमला विहार निवासी कुसुमलता के पति नकुल सिंह अधिवक्ता हैं। वह मंगलवार को अपने छह वर्षीय बेटे राघव राजपूत को लेकर टीएमयू में उसकी स्पीच थेरेपी की क्लास कराने जा रही थीं। उसी दौरान कान की मशीन खोने की घटना हुई थी। कुसुमलता ने पुलिस को बताया था कि अगस्त 2023 में उनके बेटे को दिल्ली रोड पाकबड़ा स्थित टीएमयू अस्पताल में उसकी कॉक्लियर इंप्लांट सर्जरी हुई थी। इसमें उसके कान में कॉक्लियर इंप्लांट डिवाइस लगाई गई थी। सर्जरी के बाद भी बच्चे को निश्चित समय पर टीएमयू में थेरेपी दी जाती है। केंद्र सरकार के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पीच एंड हियरिंग डिसेबिलिटीज की एडीआईपी (विकलांग व्यक्तियों को सहायक उपकरण और उपकरण की खरीद/फिटिंग के लिए सहायता) योजना के तहत उनके बेटे की सर्जरी हुई थी।

**कवायद** अब दमकल वाहनों की लोकेशन हर समय अपडेट रहेगी, गाड़ियों के संचालक भी रहेंगे अलर्ट

# नहीं चलेगा बहाना, अग्निशमन वाहनों में लग रहा जीपीएस सिस्टम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** अग्निशमन विभाग दमकल के प्रत्येक वाहन में जीपीएस सिस्टम लगा रहा है। इससे अब कोई भी फर्जीवाड़ा नहीं होगा। गाड़ी कितने बजे चली, कितना चली और कितनी रफ्तार में चली, गंतव्य स्थल पर किस समय पहुंची...आदि संपूर्ण विवरण ट्रेस होगा। इस व्यवस्था से जहां अब दमकल कर्मियों को व्यवस्थित रहना पड़ेगा, वहीं पब्लिक के लोग भी अग्निशमन वाहन के आगमन का समय बताने में झूठ नहीं बोल पाएंगे। इस तरह वाटर वाउजर से लेकर बुलेट मोटरसाइकिल तक के 22 वाहनों में जीपीएस सिस्टम लग रहा है।



अग्निशमन विभाग के वाहन में स्टेयरिंग के पास जीपीएस सिस्टम स्थापित करता विशेषज्ञ।

अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा ने बताया कि आग बुझाने में शामिल सभी वाहनों में जीपीएस सिस्टम लग रहा है। इससे अब वाहनों की लोकेशन हर समय अपडेट रहेगी। गाड़ियों के संचालक भी अलर्ट रहेंगे। आग लगने की सूचना मिलने के बाद कितनी देर बाद गंतव्य स्थल के लिए निकले और सफर में कितनी देर लगी एवं घटनास्थल पर कब पहुंचे, यह सब अब आसानी से ट्रेस होगा। अग्निशमन अधिकारी ने कहा कि इस व्यवस्था का लाभ जनता को मिलेगा। टेक्नीशियन रवि पाल ने बताया कि घटना स्थल पर पहुंचने में कितनी देर लगी, इसके सुबूत के तौर पर बिना जीपीएस सिस्टम के अग्निशमन दल की टीम के पास कुछ भी नहीं होता था।

लोग कह देते थे कि एक घंटे लेट आए, जिससे फायर फाइटर की कार्यशैली पर सवाल खड़े होते थे। गाड़ी किस लोकेशन पर कहां खड़ी है, कब ऑन हुई, कितने स्पीड से चल रही है और कितने किमी चली है। यह भी नहीं पता चल पाता था, लेकिन अब जीपीएस लगने के बाद वाहन के ओवरस्पीड पर नोटिफिकेशन आएगा। टेक्नीशियन ने बताया कि कोई हादसा होने पर छोटे वाहन वाले अक्सर बड़े वाहन चालक की ही गलती ठहराते हैं। चूंकि, व्यक्ति वाहन में लगे मीटर पर जल्दी भरोसा नहीं करता है, इसलिए जीपीएस सिस्टम पर वाहन की गति रिकॉर्ड रहेगी। रियल टाइम ब्रेकिंग रहेगी। गाड़ी स्टार्ट और बंद होते ही मैसेज मिलेगा। पॉर्किंग मोड की भी सुविधा होगी। यदि, पॉर्किंग मोड से कोई वाहन लेकर निकलता है तो मोबाइल पर मैसेज आएगा और सायरन बजना शुरू हो जाएगा। प्राप्त होने वाले मैसेज में वाहन की लोकेशन व गाड़ी के ऑन-ऑफ होने का टाइम भी रहेगा।

## एसडीएम के आदेश पर हुई करबला की भूमि की पैमाइश

**संवाददाता, अमृत विचार :** नगर पंचायत के कावड़ पथ रोड पर स्थित करबला की भूमि की एसडीएम सदर जितेंद्र सिंह वीरवाल के आदेश पर लेखपाल द्वारा पैमाईश की गई। नगर की करबला के प्रबंधक अजादार हुसैन ने करबला की भूमि की पैमाइश को लेकर पूर्व में प्रार्थना पत्र दिया था।

जिस पर एसडीएम के आदेश पर गुरुवार को लेखपाल सर्वेश कुमार द्वारा करबला की भूमि की पैमाईश की गई। पैमाईश में करबला के निकट कब्रिस्तान और मदरसा व धर्म कांटा करबला की भूमि में है। वहीं लेखपाल सर्वेश कुमार ने बताया कि गाटा संख्या 580, 587 व 649 की भूमि करबला के नाम से दर्ज है। जिसमे मदरसा धर्म कांटा व कब्रिस्तान बना हुआ हैं। इस दौरान अजादार हुसैन, फैजी नकवी, हसन नवाब, अमन नकवी , नब्बू नकवी, मो.रजा आदि लोग मौजूद रहे।

# निकाह के 10 महीने में ही हो गया तलाक, महिला को घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- महिला पर मायके से पांच लाख रुपये का दबाव बना रहे थे ससुराल पक्ष के लोग

**अमृत विचार :** निकाह के 10 महीने में ही ससुराल वालों ने पांच लाख रुपये अतिरिक्त दहेज के चक्कर में पीड़िता को मारपीट कर धक्का मारकर घर से खदेड़ दिया है। उसके पति ने उसे तीन तलाक भी दे दिया है। इस मामले में पीड़िता की तहरीर पर मैनाठेर थाना पुलिस ने गुरुवार को उसके पति समेत छह लोगों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की है। इसमें महिला का पति सरफराज, देवर शाहनवाज, जेठ असफाक, सास नसरीन, जेठानी फरहाना, ननद अमरीन नामजद हुए हैं।

पीड़िता शमा ने पुलिस को बताया है कि उसका निकाह 8 जुलाई 2023 को मैनाठेर के सुंदरपुर गांव के सरफराज पुत्र इशाक से हुआ था। उनका मायका कुंदरकी थाना क्षेत्र के डोमघर गांव में है। पिता ने उनके निकाह में आठ लाख रुपये खर्च किए थे। लेकिन, उनके पति सरफराज और ससुराल के अन्य लोग अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपये के चक्कर में उन्हें मार-पीट रहे थे। निकाह के कुछ दिन बाद ही पति सरफराज के साथ ही देवर शाहनवाज, जेठ असफाक, सास नसरीन, जेठानी फरहाना, ननद अमरीन अतिरिक्त दहेज के लिए उसे परेशान करने लगे थे। 30 अप्रैल 2024 की शाम चार बजे के दौरान इन लोगों ने बहुत मारापीटा और तीन बार तलाक बोलकर धक्का मारकर घर से निकाल दिया। घटना के बाद पीड़िता अपने पिता और भाई के साथ मैनाठेर थाने पहुंची थी।

## एक नजर

### पशुशाला से किसान की भैंस चोरी, तहरीर दी

**मसवासी, अमृत विचार :** चौकी क्षेत्र के गांव मोतीपुरा में चोर देर रात किसान की पशुशाला से भैंस खोल कर ले गए। किसान ने पुलिस को ममाले की तहरीर दे दी है। देर रात चोरों ने मोतीपुरा निवासी खूब सिंह की पशुशाला से भैंस चोरी कर ली। भोर के समय किसान भैंस को चारा डालने के लिए पशुशाला पहुंचा तो भैंस गायब देख होश उड़ गए। उसने भैंस को इधर-उधर खेतों में तलाश किया लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। किसान ने मामले की सूचना चौकी पहुंचकर पुलिस को दी। खूब सिंह ने बताया कि भैंस की कीमत करीब एक लाख रुपये थी। पुलिस जांच में जुटी है।

### रंगदारी मांगने पर पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइन निवासी शुभम अग्रवाल से कुछ दिन पहले कुछ लोगों ने घर में घुसकर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। इस मामले में पुलिस ने गुरुवार को फहीम पुत्र मोहम्मद शफीक निवासी चादर वाला बाग को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# छेड़छाड़ से तंग आकर छात्रा ने किया खुदकुशी का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/कुंदरकी

**अमृत विचार :** गांव के युवक की छेड़छाड़ और अश्लीलता से परेशान होकर छात्रा ने खुदकुशी करने का प्रयास किया है। हालांकि परिवार वालों ने उसकी जान बचा ली है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अजय पाल के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की है।

युवती बीए की छात्रा है। पीड़िता के मुताबिक, गुरुवार सुबह उसके मोबाइल पर आरोपी अजय पाल ने कॉल कर उसके भाई और पिता को जान से मार देने की धमकी दी थी। आरोपी ने पीड़िता की छोटी बहन और जीजा को भी फोन पर धमकाया था। आरोप है कि कई बार पीड़िता को अजय पाल तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दे चुका है। पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि आरोपी उसे आए दिन उसके फोन पर कॉल करता है आते-जाते रास्ते में छेड़छाड़ और अश्लीलता करता है कई बार उसने व्हाट्सएप पर मैसेज भेज कर अश्लील कमेंट किए हैं।

**रिपोर्ट**
- पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट
- मोबाइल पर मैसेज भेजकर करता था अश्लील मैसेज

इस तरह वह मानसिक रूप से काफी परेशान और व्यथित थी। जिस कारण उसने खुदकुशी करने की कोशिश की है। हालांकि उसके घर वालों ने उसे किसी तरह से बचाया और हौसला देकर काफी समझाया बुझाया है। उधर, कुंदरकी थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

### व्हाट्सएप कॉल आने पर घबराएं नहीं, कंट्री कोड को जानने के बाद ही रिसीव करें किसी अनजान की कॉल

# व्हाट्सएप डीपी में इंस्पेक्टर का फोटो, पाकिस्तान के नंबर से कॉल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** व्हाट्सएप डीपी में पुलिस इंस्पेक्टर का फोटो और कॉल पाकिस्तान के नंबर से...। जी हां, स्मार्ट फोन रखने वाले लोगों को चौकन्ना रहने की जरूरत है, वह चाहे महिला हो या पुरुष, अन्यथा आप निश्चित तौर से साइबर ठगी का शिकार हो जाएंगे। इन दिनों पुलिस अधिकारी बनकर ठगी ट्रेंडिंग में है। लगभग हर रोज ऐसे मामले आ रहे हैं। यदि नंबर के प्रारंभ में 92 लिखा तो ये कंट्री कोड कहीं और का नहीं बल्कि पाकिस्तान का है, जो आपको ठगने वाला है।

दरअसल, साइबर फ्रॉड की दुनिया में पिछले तीन-चार महीनों से इस तरह के मामलों की बाढ़ आई हुई है।गुरुवार दोपहर डेढ़ बजे के दौरान पुलिस लाइन स्थित साइबर क्राइम सेल में फर्जी पुलिस अधिकारी के नाम पर ठगे गए बुजुर्ग शिकायत दर्ज करा रहे थे। सिविल लाइंस क्षेत्र निवासी बुजुर्ग शासकीय सेवा से निवृत्त हैं। इनके दो बेटे एनसीआर में जॉब कर रहे हैं।

बुधवार दोपहर को उनके फोन पर व्हाट्सएप कॉल आई। डीपी पर एक पुलिस अधिकारी का फोटो लगा था और नंबर की डिजिट का कंट्री कोड 92 प्रदर्शित हो रहा था। लेकिन, उन्होंने कंट्री कोड पर ध्यान ही नहीं दिया। पुलिस अधिकारी का चित्र देखकर पहले कुछ घबराए और फिर कॉल रिसीव कर ली। कॉलर ने पूछा आपका बेटा कहां है...कराहने की आवाज भी आ रही थी। बुजुर्ग ने बताया कि कराहने की आवाज सुनकर उनका सिर चकरा गया और अनहोनी की बात दिमाग में गूंजने लगी।

उन्होंने कॉलर से कहा, बेटे से बात कराओ...कॉलर बोला आपका बेटा बात करने की पोजीशन में नहीं है। इस तरह बुजुर्ग और कॉलर की करीब 18-20 मिनट तक व्हाट्सएप कॉल पर बात चली। बुजुर्ग ने बताया, उन्हें बेटे की चिंता में कुछ समझ नहीं आ रहा था और वह कॉलर के कहने पर कुल 49,000 रुपये उसके खाते में ट्रांसफर कर दिए। फिर कुछ देर बाद बुजुर्ग ने अपने दोनों बेटों को कॉल की तो पता चला वह स्वस्थ हैं। ऐसे में बुजुर्ग को अहसास हुआ कि वह साइबर ठगी का शिकार हो गया है। वैसे ये कोई पहला वाकया नहीं है...साइबर क्राइम में इन दिनों पुलिस अधिकारी बनकर कॉल करना ठगों के बीच ट्रेंड बन गया है। कुल मिलाकर आपको सतर्क रहने की जरूरत है।

#### पाकिस्तानी सिम से इस तरह होता है ठगी का खेल

साइबर क्राइम के विशेषज्ञ उदाहरण देकर समझाते हैं कि साइबर ठग पुलिस से बचने के लिए पाकिस्तान का कंट्री कोड प्रयोग कर रहे हैं। इसके लिए वह पाकिस्तान के ही किसी व्यक्ति से संपर्क कर वहां सिम क्रय कराते हैं और इंटरनेट के जरिए वर्चुअल नंबर बनाकर कॉल करते हैं। चूंकि, पाकिस्तान की सिम भारत में नहीं चलती है, उसके टॉवर या नेटवर्किंग नहीं हैं। इस सबके लिए ठग पहले टेलीग्राम या अन्य माध्यम से पाकिस्तान के किसी व्यक्ति थोड़ी-बहुत यारी-दोस्ती करते हैं और रुपये भी ट्रांसफर करते हैं। फिर इंटरनेट के जरिए ही उस व्यक्ति से ठग संबंधित सिम का ओटीपी जान लेते हैं। ओटीपी मिलते ही साइबर ठग इंटरनेट के जरिए वर्चुअल नंबर तैयार कर लेते हैं और उसका प्रयोग केवल व्हाट्सएप कॉल में करते हैं।

"स्मार्ट फोन रखने वाले आमजन को कंट्री कोड जानने की जरूरत है। विदेश से आने वाली हर कॉल वाले नंबर के पहले के दो अंक कंट्री कोड होते हैं। यदि शुरूआत के दो अंक 92 हैं तो पाकिस्तान की कॉल होगी। चूंकि भारत का कंट्री कोड 91 है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के कंट्री कोड का प्रयोग कर ठगी करने वाले कहीं और के नहीं हैं...ये सभी भारत के ही हैं। अब इनके बारे में खोज की जा रही है, उम्मीद है जल्द ही इस रैकेट का राजफाश करेंगे।
**-मनोज सिंह,** साइबर सेल प्रभारी

- पढ़े-लिखे लोग भी हो रहे हैं ठगी का शिकार, भावनाओं से खेल रहे हैं साइबर ठग
- साइबर ठग के कहने पर 49,000 रुपये उसके खाते में कर दिए ट्रांसफर

# बुद्धि विहार की झील से दौड़ाया, कांशीराम नगर में घेरकर की कई राउंड फायरिंग

## पीड़ित पक्ष ने बताई वर्चस्व की लड़ाई, चार महीने पहले हुई थी आपसी कहासुनी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बुद्धि विहार की झील पर रात में दबंगों ने कार सवार दो दोस्तों को घेर लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारने लगे थे। कार सवार दोनों दोस्त बचाव करते हुए वहां से भागे तो हमलावरों ने बाइकों पर सवार होकर उनका पीछा कर लिया। दोनों युवक कार से कांशीराम नगर आ गए और पीछे से हमलावर भी आ धमके। यहां हमलावरों ने कार के पीछे का शीशा तोड़ दिया। दोनों दोस्तों से हाथापाई भी की। फिर दोनों दोस्त जान बचाकर भागे तो हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से कई रांड फायरिंग भी की।

फायरिंग से घबराकर वह दोनों वहां रुके नहीं और बुद्धापार्क होते हुए हरथला भाग आए। जब दबंगों से पीछा छूटा तो कार सवार दोनों दोस्त मझोला थाने पहुंचे और पुलिस को घटना बताकर आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने हत्या करने के प्रयास में आरोपी वरुण ठाकुर, प्रकाश पहाड़ी, पीयूष और कुछ अज्ञात लोगों को आरोपी बनाकर मामला दर्ज किया है। इसमें मुख्य अभियुक्त वरुण ठाकुर बताया जा रहा है। खबर है कि पुलिस ने रात में ही अभियुक्त वरुण ठाकुर के घर दबिश देकर उसके भाई को उठा लिया था। वह गुरुवार को समाचार लिखे जाने तक पुलिस की हिरासत में ही था। घटना में पुलिस सीसीटीवी कैमरे के फुटेज भी जांच रही है।

घटना बुधवार रात की है। एफआईआर छजलैट थाना क्षेत्र के गांव छज्जा नगला के तनुष चौधरी पुत्र संजीव सिंह ने दर्ज कराई है। तनुष ने बताया कि वह शाम 7.30 बजे के दौरान गांव से लौटकर झील के पास पहुंचे थे। उनकी कार पर दोस्त विक्रांत भी सवार था। झील के पास कार से उतरकर बोतल वाला पानी खरीदने लगे। तभी हमलावरों ने उन्हें देख लिया और निकट आकर गाली-गलौज कर हाथापाई करने लगे थे। तनुष ने बताया कि झील के पास ही उनका घर भी है। बचाव करते हुए वह दोस्त के साथ कार पर फिर सवार हो गए और तेज रफ्तार में कांशीराम नगर में मंडप के पास पहुंचे थे लेकिन, वे लोग चार-पांच बाइकों से उनका पीछा कर कांशीराम नगर आ गए थे। कांशीराम नगर में घेर लिया और लात-घूंसों से पीटने लगे। फिर यहां से बचकर तनुष व विक्रांत हरथला की ओर तेज रफ्तार में भाग थे। हरथला में आने के बाद वह दोस्त के साथ पीली कोठी चौराहा होकर मझोला थाना पहुंचे थे।

#### तीन महीने पहले हिमगिरी कॉलोनी में भी हुआ था विवाद

तनुष ने घटना का कारण तीन-चार महीने पहले हिमगिरी कॉलोनी में दोस्त वरुण ठाकुर से विवाद होना बताया। कहा, वह अपने दोस्त को देखने गए थे वहीं वरुण भी आ गया था। इसने उनसे हाथापाई की थी। तनुष ने बताया, वह आइएफटीएम विश्वविद्यालय बीएससी कृषि द्वितीय वर्ष के छात्र हैं। सामाजिक कार्य भी करते रहते हैं। एक रैली निकाली थी, उसी में वरुण ठाकुर से बहस हुई थी। इसी से वह उनसे नाराज था और हिमगिरी कॉलोनी में दोस्त के यहां मिलने पर भी वह तनुष से झगड़ गया था। इसी रंजिश में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर उनकी हत्या करने का प्रयास किया है। तनुष ने ये भी कहा कि आरोपी वरुण ठाकुर ये वर्चस्व की लड़ाई मानता है। इसके विरुद्ध पहले से भी कई मामले दर्ज हैं। जेल भी जा चुका है।

#### आरोपियों की गिरफ्तारी को दे रहे दबिश

थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि बुद्धि विहार में स्थित झील पर बुधवार रात में मारपीट व फायरिंग की घटना हुई है। वादी पक्ष ने घटना का कोई कारण स्पष्ट नहीं किया है। उसका कहना था कि आरोपियों से पहले से कोई झगड़ा नहीं था। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सीओ सिविल लाइन की तरफ से पुलिस टीम गठित की गई है। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार करेंगे और पूरे घटनाक्रम का खुलासा होगा।

### घर में घुसकर महिला को पीटा, चार पर रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** रंजिश के चलते कुछ लोगों ने घर में घुसकर महिला को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव इमरता निवासी मिथलेश का कहना है कि उसका गांव के ही रहने वाले कुछ लोगों से काफी दिनों से विवाद चल रहा है। महिला का कहना है कि कुछ दिन पहले वह खाना बना रही थी। आरोपी संजीव अपने साथियों के साथ घर में घुस आया और गाली-गलौच करने लगा।

विरोध करने पर आरोपी और उसके साथियों ने लाठी-डंडों से पीटकर उसे घायल कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। तब आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता ने बुधवार की देर रात थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने संजीव, रघुवीर, निशा और अर्जुन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मम्मी हॉस्टल में रात को कोई बाल खींच कर डराता है, मैं वहां अब नहीं पढ़ूंगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** खुशहालपुर निवासी महिला ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय फैज गंज के प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि वहां रात में हॉस्टल में उनकी बेटी के कोई बाल खींचकर डराता है। बच्चियों से साफ-सफाई का काम लिया जाता है। किसी को बताने पर उन्हें धमकाया जाता है। पीड़िता ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़ित महिला ने शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी का प्रवेश कक्षा 6 में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय फैज गंज में कराया है। वह 22 अप्रैल को पारिवारिक काम से अपनी बेटी को घर ले आई। आरोप है कि जब वह अपनी बेटी को वापस स्कूल छोड़ने आई तो बाहर से 4-5 लड़कियां स्कूल के अंदर आई। उन्होंने प्रधानाचार्य से पूछा तो उन्होंने कहा कि बच्चा यहां गेट के बाहर तक नहीं जाता है। जबकि बच्चियां उनके सामने बाहर से आई थीं। फिर वह 24 अप्रैल रविवार को अपनी बेटी से मिलने आई। उन्होंने बेटी से बातचीत की। इसमें बच्ची बहुत घबराई और सहमी हुई थी। बच्ची ने अच्छे से बात भी नहीं की। इसके बाद जब वह 30 अप्रैल को अपनी बेटी को लेकर घर पहुंची। तो बेटी ने बताया कि उसने 2 दिन से खाना नहीं खाया। बताया कि स्कूल में रात में कोई उसके बाल खींचकर डराता है। कोई बाल लटकाकर खिड़की पर बच्चों को डराता है। बच्चों से शौचालय की साफ सफाई और झाड़ू-पोछा कराते थे। आरोप है कि स्कूल छोड़ने पर पैनाल्टी भी ली जा रही है। स्कूल से निकालने को कह रहे हैं तो कहते है कि आपके बच्चों की टीसी नहीं दी जाएगी। उन्होंने जिलाधिकारी से गुहार लगाते हुए कहा कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय फैज गंज की जांच कराकर न्याय दिलाने की कृपा करें।


कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी को ज्ञापन देने पहुंचे अभिभावक व छात्राएं। ● अमृत विचार

"अभी तक ऐसा कोई मामला मेरे संज्ञान में नहीं आया है। अगर ऐसा कोई मामला सामने आता है। तो उसकी जांच कराकर जरूरी कार्रवाई की जाएगी। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
**-अजीत कुमार,** बेसिक शिक्षा अधिकारी

# बजरंग दल ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। चौकी इंचार्ज पंडित नगला और संगठन के महामंत्री के साथ मारपीट में शामिल लोगों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसमें उन्होंने एडीएम सिटी ज्योति सिंह को तीन सूत्रीय ज्ञापन दिया। इसमें उन्होंने चौकी इंचार्ज पंडित नगला और मारपीट में शामिल आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया है कि 26 अप्रैल को थाना कटघर क्षेत्र के पंडित नगला चौकी के अंतर्गत ग्राम सिरसा इनायतपुर दौड़बाग में राष्ट्रीय बजरंग दल के ग्राम महामंत्री विकास पुत्र बालकृष्ण अपने घर के दरवाजे पर खड़ा था। सिरसा इनायतपुर दौड़ बाग निवासी आकाश अपने साथियों के साथ आया और महामंत्री को जमकर पीटा। इसके बाद पुलिस से शिकायत की गई। लेकिन, अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। आरोप है कि आकाश चांद बाबू नाम के व्यक्ति का बहुत खास है। इस वजह से चौकी इंचार्ज उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। चौकी इंचार्ज पंडित नगला की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। उन्होंने कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान प्रांत अध्यक्ष रोहन सक्सेना, महेंद्र सैनी, दीप खुराना, मनोज, विकास, शुभम कुमार, गोविंद सिंह, विनोद, विकास, प्रेमपाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।


कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते बजरंग दल के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- पंडित नगला चौकी इंचार्ज पर लगाया कार्रवाई न करने का आरोप

### शादी का झांसा देकर तीन वर्ष तक बनाए संबंध

**मसवासी, अमृत विचार :** युवक ने शादी का झांसा देकर युवती को प्रेम जाल में फंसा लिया। इसके बाद आरोपी ने तीन साल तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और फिर शादी से मुकर गया। पीड़िता ने पुलिस को आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मामला चौकी क्षेत्र के एक गांव का है। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि गांव के ही युवक का उसके घर आना-जाना था। नजदीकियां बढ़ने पर दोनों में प्यार हो गया। युवक ने उसे प्रेमजाल में फंसाकर शादी का झांसा देते हुए तीन साल तक शारीरिक शोषण किया। मंगलवार को युवती ने अपने प्रेमी पर शादी करने का दबाव बनाया। तब उसने शादी करने से साफ मना कर दिया। उसने युवती की अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी भी दी।

# अनुपस्थित कार्मिकों के खिलाफ होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को सम्पन्न कराने हेतु पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय का दो दिवसीय प्रशिक्षण महिला व पुरुष राजकीय पॉलीटेक्निक में दिया गया।

प्रशिक्षण दो पालियों में सम्पन्न हुआ। प्रथम पाली का प्रशिक्षण सुबह दस से दोपहर 12:30 बजे तक वहीं द्वितीय पाली का प्रशिक्षण दोपहर दो बजे से शाम साढ़े चार बजे तक चला। प्रशिक्षण की प्रथम पाली में 02 पीठासीन अधिकारी अनुपस्थित रहे। वहीं 03 प्रथम मतदान अधिकारी नहीं पहुंचे, जिसमें कुल 143 द्वितीय मतदान अधिकारियों के सापेक्ष 139 गैरहाजिर रहे और 4 द्वितीय मतदान अधिकारियों प्रशिक्षण नहीं शामिल हुए। तृतीय मतदान अधिकारियों कुल एक तृतीय मतदान अधिकारी अनुपस्थित रहा। राजकीय पॉलिटेक्निक (महिला) में प्रथम पाली में 2 पीठासीन अधिकारी अनुपस्थित रहे। तीन प्रथम मतदान अधिकारी अनुपस्थित रहे, कुल 130 द्वितीय मतदान अधिकारियों के सापेक्ष 129 तथा एक द्वितीय मतदान अधिकारी अनुपस्थित पाया गया। 130 तृतीय मतदान अधिकारियों में सभी ने प्रशिक्षण हिस्सा लिया। प्रशिक्षण के द्वितीय पाली में दिव्यांग कार्मिकों की संख्या पूरी रही। चार तृतीय मतदान अधिकारियों के सापेक्ष एक तृतीय मतदान अधिकारी अनुपस्थित रहा। इस प्रकार दोनों प्रशिक्षण स्थलों के दोनों पालियों में कुल 277 पीठासीन अधिकारियों के सापेक्ष 273 पीठासीन अधिकारी उपस्थित रहे तथा 4 पीठासीन अधिकारियों ने प्रशिक्षण नहीं लिया। वहीं 6 प्रथम मतदान अधिकारी अनुपस्थित रहे।पांच द्वितीय मतदान अधिकारी अनुपस्थित रहे। दो तृतीय मतदान अधिकारी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 1108 कार्मिकों के सापेक्ष 1091 कार्मिक उपस्थित रहें तथा 17 कार्मिक अनुपस्थित रहें। प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय के विरुद्ध जिला निर्वाचन अधिकारी, मुरादाबाद द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-134 के अन्तर्गत सुसंगत धाराओं में विभागीय एवं विधिक कार्यवाही करने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

#### मंडी समिति से होगी कुंदरकी, बिलारी विधानसभा क्षेत्र में मतदान को पोलिंग पार्टियों की रवानगी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** संभल लोकसभा सीट के लिए सात मई को होने वाले मतदान के लिए छह मई को पोलिंग पार्टियां मंडी समिति से रवाना होंगी। मतदान के लिए सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। संभल लोकसभा के अन्तर्गत आने वाली कुंदरकी और बिलारी विधानसभा क्षेत्र में सात मई को मतदान होगा। इसके लिए जिला मुख्यालय से पोलिंग पार्टियों को छह मई को मंडी समिति से रवाना किया जाएगा। सकुशल व शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों के अलावा माइक्रो आब्जर्वर को भी प्रशिक्षण में मतदान के बारीकियों की जानकारी दी जा चुकी है। जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने सभी से लोकसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराने में अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाने के लिए कहा है। गर्मी में हो रहे मतदान को देखते हुए मतदाताओं से भी सावधानी बरतने की अपील जिला निर्वाचन अधिकारी ने की है।

**आयोजन** वसुंधरा कालोनी समिति की ओर से मंडी समिति में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

# भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन सुन मंत्रमुग्ध हुए भक्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** वसुंधरा कालोनी समिति मंडी समिति में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में गुरुवार को कथा व्यास एवं धर्मगुरु आचार्य धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने बताया कि वृंदावन धाम में भगवान श्रीकृष्ण ने प्रकाट्य करते ही बड़े बड़े राक्षसों एवं दुराचारियों का संहार किया। लेकिन, देवताओं के राजा इंद्र स्वयं घमंड में फंस गए। तब भगवान श्री हरि ने गोवर्धन पर्वत को अपने बाएं हाथ की कनिष्ठा अंगुली पर धारण कर वृंदावन धाम की रक्षा की।

कथा व्यास ने बताया कि जिन मनुष्यों में न विद्या का निवास है, न मेहनत का भाव, न दान की इच्छा और न ज्ञान का प्रभाव, न गुणों की अभिव्यक्ति और न धर्म पर चलने का संकल्प, वे मनुष्य रूप में पशु के समान धरती पर विचरते हैं। जो जितना कम बोलता है उससे उतने ही कम मिथ्या बोले जाने और परनिंदा होने की गुंजाइश रहती है। मिथ्या और निंदा बड़े पाप हैं, अतएव वाणी का संयम करके इन्हें यथा साध्य कम करो। जो निरंतर जिस बात का चिंतन करेगा, उसको उसकी स्मृति अंतकाल में होगी ही, यह नियम है। जो भगवान का चिंतन करता है उसे स्वप्न आयेगा तो भगवान का ही आयेगा। व्यवस्था में शशि सक्सेना, संतोष भटनागर, अंशु भटनागर, महेंद्र सैनी, प्रीतम सैनी, अर्चना रानी, कुंज बिहारी, मीनाक्षी अन्नपूर्णा, कमलेश पाल, डोली कपूर, बेबी गुप्ता, मीनू चौहान, सुधा शर्मा, सपना चौधरी, देवांश अग्रवाल, निखिल प्रभु, श्रेया भटनागर, वरुण भटनागर आदि मौजूद रहे।


दिव्य लोक आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु। ● अमृत विचार

#### उल्लास पर्व के रूप में मनाया सुधांशु महाराज का जन्मदिवस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आशियाना स्थित दिव्य लोक आश्रम में विश्व जागृति मिशन के संस्थापक सतगुरु सुधांशु जी महाराज का 69वां जन्मदिन उल्लास पर्व के रूप में मनाया गया। इसमें विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत हुए। सतगुरु देव सुधांशु जी महाराज की दीर्घायु के लिए ओम नम: शिवाय का जप सुबह 6 बजे से 11 बजे तक 5 घंटे का अनावरण जाप किया गया। इसमें बहुत से गुरु भक्तों ने भाग लिया। जप का आरंभ पूनम विधि पूजन करके किया गया। उनकी दीर्घायु के लिए यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके यजमान वीएस गोड़ राम रतन रहे। 11 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रारंभ गुरुदेव की स्तुति कथक नृत्य निधि मदन एवं बच्चों द्वारा की गई। इसमें पूनम गुलाटी व उनकी सहयोगी संगीता वर्मा, सुनीता छाबड़ा, किरण शर्मा ने सुंदर भजन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय कर दिया। गुरुदेव सुधांशु जी महाराज जी द्वारा फोन के माध्यम से उपस्थित सभी संगत को आशीर्वाद दिया गया। इस दौरान अश्वनी, संजय शर्मा, तरुण, बीके भटनागर, रंजीत अग्रवाल, किरण, निधि मदन आदि मौजूद रहे।

# कमेटी के नाम पर व्यापारियों से ठगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आरोपी महिला आवास विकास में किराए की दुकान में करती थी कारोबार, दो के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचार :** कारोबार में किसी तरह की आर्थिक दिक्कत आने पर एक-दूसरे की मदद के लिए कमेटी बनाकर उसमें रुपये जमा करने के बाद व्यापारी ठगी का शिकार हो गए हैं। इस कमेटी का संचालन कॉस्मेटिक कारोबारी महिला कर रही थी। महिला और उसका सहयोगी इस कमेटी के बतौर संचालक थे। ये दोनों लोग साथी व्यापारियों का कमेटी में लगे रुपये लेकर लापता हो गए हैं। परेशान व्यापारियों ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध मझोला थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इनमें फैशन प्वांइट एंड कॉस्मेटिक कारोबारी कनिका उर्फ श्रुति माला आर्य और दलपतपुर का विकास यादव नामजद हुए हैं।

कनिका आवास विकास कॉलोनी में प्रमोद गुप्ता के मकान में किराए की दुकान में फैशन प्वाइंट एंड कॉस्मेटिक के नाम से व्यापार कर रही थी, जो 24 दिसंबर 2023 से लापता है। यह मामला बुद्धि विहार सेक्टर-6 बी-204 के संजीव कुमार, रिंकी सिंह पुत्री पूरन सिंह, खुशहालपुर के संजय कुमार, सरोज पत्नी रिंकू सागर व तपस्या पत्नी प्रमोद कुमार की तरफ से दर्ज हुआ है। पीड़ित व्यापारियों ने बताया कि कारोबार में किसी जरूरत पर आर्थिक मदद के लिए कमेटी बनाई गई थी। इसमें जो व्यापारी सदस्य थे, वह महीने वार जमा करते थे। कमेटी में जमा रकम आरोपी कनिका उर्फ श्रुति माला आर्य चेक से भी धनराशि लेती थी और अपने खुद के बैंक खाते में भी पैसा डलवाती थी। पीड़ित व्यापारियों में संजीव कुमार ने बताया कि उनका रेडीमेड कपड़े का काम है। उन्होंने बताया कि कमेटी से उनकी बहन रिंकी सिंह भी जुड़ी थी। बहन पॉर्लर चलाती हैं। उनका और बहन का मिलकर करीब 4 लाख रुपये कमेटी में जमा था। इस तरह कमेटी से करीब 20-25 व्यापारी जुड़े थे। इसमें काफी संख्या में महिला कारोबारी शामिल हैं। उन सभी ने कमेटी बनने के 15 महीने तक रुपये जमा किए हैं। पीड़ित व्यापारियों का कहना है कि कमेटी में जमा रकम मांगी थी तो कनिका व इसके सहयोगी विकास ने कुछ समय बाद भुगतान करने का भरोसा दिया था। व्यापारियों ने बताया कि आरोपी महिला अब किराए की दुकान में काम भी नहीं कर रही है। वह लोग उसे और उसके सहयोगी को खोज रहे हैं लेकिन, उनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। इस मामले में थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि आरोपी महिला व उसके सहयोगी की तलाश की जा रही है।

## एक नजर

### ग्रुप ने गोशाला पहुंच की गायों की सेवा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गुरुवार को संभल गेट स्थित गोशाला में जायंट्स ग्रुप आफ चांद सी चन्दौसी की पदाधिकारियों व सदस्याओं ने गायों की सेवा की। उन्होंने गायों को सवा मन दलिया, ब्रेड, गुड़, हरा चारा आदि खिलाया। पदाधिकारियों ने कहा कि गाय में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास है। गाय की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। इस अवसर पर यूनिट डायरेक्टर सीमा वर्मा, फेडरेशन ऑफिसर उषा वार्ष्णेय, अध्यक्ष डॉ. नीरज चौधरी, सचिव वीना वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष गीता वार्ष्णेय, रेनू गुप्ता, शशि गुप्ता, सीमा वार्ष्णेय, हेमा वार्ष्णेय आदि रहीं।

### अवैध शस्त्र के मामले में 15 दिन का कारावास

**चन्दौसी, अमृत विचार :** न्यायालय ने गुन्नौर ने अवैध शस्त्र के मामले में दोषी को जेल में बिताई अवधि 15 दिन की सजा सुनाई है। साथ ही दो हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। एपीओ रामविलास ने बताया कि थाना रजपुरा के गांव मलकपुर निवासी चंद्रपाल पुत्र नारायन को अवैध शस्त्र के मामले में जूडिशियल मजिस्ट्रेट गुन्नौर ने जेल में बिताई 15 दिन के कारावास से दंडित कर दो हजार रुपये अर्थ दंड लगाा है।

# तीन युवकों की जेल से रिहाई पर वृंदावन जा रहा था परिवार

## पता नहीं था कि रास्ते में मौत उनका इंतजार कर रही है

संवाददाता, गुन्नौर/संभल

**अमृत विचार :** रामपुर जिले के गांव हरजीपुर निवासी पूरन यादव के तीन बेटों की जेल से रिहाई की मन्नत पूरी होने पर पूरा परिवार बांकेबिहारी के दर्शन करने वृंदावन जा रहा था। परिवार को नहीं पता था कि रास्ते में मौत उनका इंतजार कर रही है। गुन्नौर क्षेत्र में हादसा हुआ तो दो महिलाओं व दो मासूमों सहित परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई।

रामपुर जिले के शहजाद नगर थाना क्षेत्र के गांव हरजीपुर निवासी पूरन यादव की पुत्रवधू नीरज ने बताया कि डेढ़ साल पहले गांव में मारपीट के दौरान सिर में डंडा लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इस मामले में पूरन यादव, भाई धर्मपाल और तीन पुत्रों सुनील, यशपाल और राजा के खिलाफ केस दर्ज होने पर पांचों जिला कारागार रामपुर में निरूद्ध थे। मीना ने घर के पुरुषों की रिहाई होने पर बांकेबिहारी दर्शन करने की मनौती मांगी थी। हाल ही में सुनील, यशपाल और राजा की जमानत के बाद रिहाई हुई तो परिवार ने मन्नत के अनुसार मथुरा जाने का कार्यक्रम तय किया। गुरुवार को परिवार के लोग दो कार में सवार हो कर बांकेबिहारी के दर्शन करने वृंदावन जा रहे थे। मृतका मीना की बेटी सविता ने बताया कि पिता पूरन और चाचा धर्मपाल अभी भी जेल में हैं।



इसी रोडवेज बस से हुई कार की टक्कर।

### नानी व दो बच्चों की गई जान

**गुन्नौर, अमृत विचार :** पूरन यादव की दो बेटियों सविता और प्रीति की शादी रामपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव रायपुर में हुई है। बांके बिहारी दर्शन के लिए सविता व प्रीति के परिजन भी साथ जा रहे थे। प्रीति की बेटियां राधिका व दंशा को नानी मीना बहुत प्रेम करती थी, इसलिए दोनों को साथ कार में बैठा लिया। हादसे में नानी के साथ दोनों बच्चों की मौत हो गई।

### कार में ही फंस गये जेठानी देवरानी के शव

**गुन्नौर।** रोडवेज बस व कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार की पिछली सीट पर बैठी जेठानी व देवरानी के शव बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये। शव इतनी बुरी तरह फंसे की उन्हें कार से बाहर निकालना भी मुश्किल हुआ।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने को बुलावा टोली से अधिकारियों ने किया संवाद

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को सीडीओ व एडीएम ने गांव की बुलावा टोली के सदस्यों के साथ बैठक की। जहां दोनों अधिकारियों ने उनसे सीधा संवाद किया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सीडीओ भरत कुमार मिश्रा व एडीएम प्रदीप वर्मा ने बुलावा टोली के सदस्य आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, पंचायत सहायक, महिला स्वयं सहायता समूह के कैडर तथा बैंक सखी, समूह सखी, विद्युत सखी, युवक मंगल दल, महिला मंगल दल, रोजगार सेवक व अन्य कार्मिकों से सीधा संवाद किया। उनके गांव में मतदान प्रतिशत क्यों काम होता है इसके कारण जाने तो वहीं दोनों अधिकारियों ने इसे सुझाव भी लिए। एडीएम ने कहा कि सभी बुलावा टोलियां से जुड़े सदस्य अपने दायित्व को समझाते हुए ज्यादा से ज्यादा जागरुक करते हुए मतदान में प्रतिभाग करेंगे। सीडीओ भरत कुमार मिश्रा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए लोगों को ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए प्रेरित करें।

### 227 होमगार्ड ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान

**बहजोई, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में गैर जनपद में ड्यूटी पर जाने से पहले होमगार्ड के जवानों ने पोस्टल बैलेट से उत्साह के साथ मतदान किया। 820 होमगार्ड के जवानों में से 227 जवानों ने अपने पसंदीदा प्रत्याशी के पक्ष में पोस्टल बैलट से मतदान किया। पहले होमगार्ड के जवानों को अपने ही जनपद में मतदान करने की व्यवस्था नहीं थी। उन्हें जिस मतदान केंद्र पर ड्यूटी लगाई जाती थी वहां पर ही मतदान करने की व्यवस्था थी। इस बार निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद में रह रहे होमगार्ड के जवानों को जनपद में ही पोस्टल बैलट से मतदान करने की अनुमति दी थी। प्रथम दिन 820 होमगार्ड के जवानों ने फार्म लिया। जिसमें 608 होमगार्ड जवानों के फार्म सही पाए गए। वहीं 227 होमगार्ड के जवानों ने पोस्टल बैलट से मतदान किया। कंपनी कमांडर प्रेम बाबू वर्मा ने बताया कि होमगार्ड के 227 जवानों ने पोस्टल बैलट से मतदान किया है।

## सार-संक्षेप



मतदान करने की शपथ लेते क्लब के सदस्य। ● अमृत विचार

### रोटरी क्लब पूर्वांचल ने मतदान करने की शपथ ली

**चन्दौसी, अमृत विचार :** रोटरी क्लब चन्दौसी पूर्वांचल की एक बैठक साहू झुन्नीलाल धर्मशाला में हुई। जिसमें वक्ताओं ने शत प्रतिशत मतदान कराने की शपथ ली। कार्यक्रम में अश्वनी सक्सेना ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है, कि वह मतदान करे। मतदान का दिन राष्ट्र निर्माण का दिन है। हमको पहले मतदान करना चाहिए बाद में जलपान। सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने मतदान करने व लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने की शपथ ली। इस दौरान सुबोध गुप्ता, डॉ. रमेश, डॉ. अनुराग सक्सेना, सुधांशु चौधरी आदि ने अपने विचार रखे। अध्यक्षता डॉ. रमेश ने की।



इंटर कालेज में मतदान की शपथ लेतीं छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### मतदान जागरूकता की शपथ दिलाई गई

**चन्दौसी, अमृत विचार :** फरुर्खाबादी बाजार स्थित श्री सनातन धर्म बालिका इंटर कालेज में स्वीप कार्यक्रम के अंर्तगत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मतदान करने शपथ दिलाई गई। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में 1090 महिला कोर्डिनेटर संगीता भार्गव ने कहा कि कक्षा 1 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को चाहिए, कि वह अपने परिवार के सदस्यों को मतदात के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को लोकतांत्रिक परंपराओं को बनाए रखते हुए निर्भीक होकर बिना किसी भेदभाव के अपने निर्वाचन अधिकारों का प्रयोग करना चाहिए। हम सबका प्रथम कर्तव्य है कि हम अपने लोकतंत्र को मजबूत करें। इस दौरान प्रधानाचर्य सुषमा सिंह, रीता वार्ष्णेय, प्रीति मौर्य, नमिता, दीक्षा, शशि, पंकज, प्रीति आदि का सहयोग रहा।



कार्यक्रम में बनाई रंगोली को देखते सीडीओ भरत कुमार मिश्रा। ● अमृत विचार

### ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगी बुलावा टोलियां

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोकसभा सामान्य निर्वाचन के तहत बनियाखेड़ा ब्लाक कार्यालय के सभागार में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका आरंभ जिला विकास अधिकारी भरत कुमार मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में आशा, आंगनबाड़ी, पंचायत सहायक व महिला स्वयं सहायता समूहों के कैडर, बैंक सखी आदि शामिल रहे। जिसमें सीडीओ ने कहा कि जनपद संभल में सात मई को मतदान किया जाएगा। मतदाताओं को मतदान के लिए ब्लाक स्तर पर बुलावा टोलियां बनाई गई है। यह टोलियां ग्रामीणों के घर-घर जाकर जागरूक करेंगी और अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगी। ब्लाक परिसर में मतदान को लेकर रंगोली भी सजाई गई। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी कमल कांत सिंह, प्रेम पाल, बाल विकास परियोजना अधिकारी रचना यादव, नीरज कुमार सिंह, पूनम आदि मौजूद रहे।

### स्वयं वोट डालें और परिचितों को मतदान के लिए प्रेरित करें

**चन्दौसी, अमृत विचार :** चुनाव लोकतंत्र का महान पर्व शीर्षक पर एफआर रोड पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के नगराध्यक्ष कृष्ण गोपाल वार्ष्णेय ने शपथ दिलाकर मतदान के लिए प्रेरित किया। संरक्षक जगदीश राणा ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महान पर्व है, हम सभी को इसमें अपने परिवार तथा परिचितों के साथ जागरुकता अभियान के तहत आमजन को मतदान का महत्व समझाकर अधिक से अधिक मतदान को प्रेरित करना चाहिए। डॉ. डीके अग्निहोत्री ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रणाली के अनुसार जो भी अधिकार हम सबको मिले हैं, उसमें सबसे बड़ा मतदान का अधिकार है। मतदान लोकतंत्र की नींव है, इसमें प्रत्येक नागरिक को भाग लेने का अधिकार है। कहा कि स्वयं मतदान करें व अपने परिवार व परिचितों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान डॉ. फैज खान, राजू बनर्जी, प्रमोद कुमार, प्रयास अग्रवाल, जगदीश राणा, कृष्ण गोपाल, विभुकांत शर्मा, विशु गौतम, प्रभुजीत सिंह, विकास डुडेजा, मयंक शर्मा, विक्रांत वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### झपकी आने पर बाइक से गिरकर युवती घायल

**गुन्नौर, अमृत विचार :** नींद की झपकी आने पर चलती बाइक से गिर कर युवती घायल हो गई। लखीमपुर खीरी जनपद के गोला गोकर्णनाथ इलाके के गांव हरिनगर निवासी पप्पू गुप्ता बुलंदशहर जिले के सिकंराबाद से बाइक द्वारा बेटी रूचि गुप्ता के साथ गांव लौट रहे थे। जैसे ही गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में मेरठ बदायूं स्टेट हाईवे पर बांके बिहारी पेट्रोल पंप के नजदीक पहुंचे तो रूचि को नींद की झपकी आ गई और वह चलती बाइक से सड़क पर गिर गई। गंभीर रूप से घायल रूचि को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

# व्यापारियों ने रैली निकाल कर मतदान के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** मतदान के प्रति जागरूकता को लेकर गुरुवार की सुबह 11 बजे मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें व्यापारियों ने हाथों में पट्टिकाएं लेकर रैली निकाली और नागरिकों को मतदाता के प्रति जागरूक किया।

जिसमें व्यापारियों ने दुकानदारों से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की कि देश हित में मतदान जरुर करें। पहले मतदान फिर जलपान के नारे लगाए। इस दौरान रास्ते में अन्य व्यापारी भी रैली का हिस्सा हुए। इस दौरान फूल प्रकाश वार्ष्णेय, भुवनेश वार्ष्णेय, राजीव वार्ष्णेय, अरविंद गुप्ता, प्रेम ग्रोवर, प्रमोद अग्रवाल, जयशंकर दुबे, कौशल किशोर, अर्चित अग्रवाल, सुभाष मित्तल, सचिन वार्ष्णेय, अनुज वार्ष्णेय अन्नू, उमेर शमसी, उमेश वार्ष्णेय, रिंकू अग्रवाल, सुशील अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



बिसौली गेट से मतदाता जागरूकता रैली निकालते व्यापारी। ● अमृत विचार

### सभी लोग मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री नारायण सेवा समिति ने बदायूं रोड स्थित ब्रजधाम कॉलोनी में मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. राजकुमार गोयल ने कहा कि लोकतंत्र के पावन पर्व पर सभी नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। साथ ही दूसरों को भी मतदान के प्रति जागरूक करे, ताकि मतदान का प्रतिशत बढ़ सके। राजवीर सिंह, चंद्रभान सिंह व दुर्गेश ठाकुर ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जहां हम रहते हैं, वहां के लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित करना चाहिए। इस दौरान हरीश कठेरिया, सत्यपाल सिंह, राम बाबू, पूजा गोयल, संजय यादव आदि मौजूद रहे।

## नीलगाय से टकराई बाइक महिला सहित दो घायल

**संभल, अमृत विचारः** मुरादाबाद जिले की नगर पंचायत अगवानपुर निवासी सुरेंद्र की पत्नी सीमा गुरुवार को असमोली थाना क्षेत्र के गांव अख्तियारपुर तगा में स्थित मायके आने के लिए बस में सवार होकर पहले असमोली पहुंची। यहां बस से उतरने के बाद सीमा परिचित की बाइक पर सवार होकर मायके जा रही थी। थाना क्षेत्र में संभल मनोटा मार्ग पर गांव परियावली के पास अचानक से सड़क पर नीलगाय आ गई। जिससे चालक का बाइक से नियंत्रण हट गया और नीलगाय से टकराकर बाइक सड़क पर गई। जिससे सीमा व बाइक चालक घायल हो गए। मौके पर इकठ्ठा हुए लोगों ने मामूली घायल होने पर बाइक चालक को पास की ही निजी डॉक्टर के पास पहुंचाया। जबकि गंभीर होने पर सीमा को एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। तबीयत में सुधार नहीं होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर सीमा को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक सवार को मारी टक्कर, महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**दुर्घटना**

- दो अन्य लोग घायल, बदायूं रोड स्थित औरछी चौराहा पर हादसा
- घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया, वहां से हायर सेंटर रेफर

**अमृत विचार :** बदायूं जनपद के औरछी चौराहा के पास मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई। जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। वहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लिया है।

जनपद मुरादाबाद के थाना बिलारी क्षेत्र के गांव पालनपुर निवासी राज पुत्र रामचंद्र गुरुवार की सुबह अपनी ससुराल जनपद बदायूं के थाना बिसौली के गांव मोहम्मदपुर मई गया था। जहां युवक की सास विमला पत्नी महेश चंद्र ने दामाद से बीमार रिश्तेदार को देखने की बात कही। दोपहर दो बजे विमला अपनी पड़ोसन व रिश्तेदार महिला छत्रवती 55 वर्ष पत्नी रामभजन दामाद राज के साथ बाइक पर सवार होकर जनपद मुरादाबाद के थाना बिलारी जा रहे थे। अपराह्न तीन बजे बाइक सवार बदायूं रोड स्थित औरछी चौराहा के पास स्थित गणेशी लाल इंटर कॉलेज के पास पहुंची तो पीछे से आ रही मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में महिला छत्रवती की घटनास्थल पर मौत हो गई। जबकि दामाद व सास गंभीर रूप से घायल हो गए।



मतदाता बुलावा टीमों को शपथ दिलाते पीडी ज्ञान सिंह व अन्य अधिकारी।

# मतदाता जागरूकता को दिलाई शपथ

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत ब्लॉक सभागार संभल में बुलावा टोलियों में शामिल आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशाओं और समूह की महिलाओं को मतदान करने के साथ-साथ दूसरे मतदाताओं को भी मतदान के प्रति प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।

संभल ब्लॉक सभागार में आयोजित हुए कार्यक्रम में पीडी ज्ञान सिंह ने मतदान का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी को बढ़चढ़ कर मतदान करना चाहिए। बुलावा टोलियां मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करें। बीडीओ प्रेमपाल सिंह ने कहा कि मतदान करना हरेक व्यक्ति का अधिकार है। इसलिए मतदान खुद करते हुए दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए। कार्यक्रम में पीडी ज्ञान सिंह ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशाओं और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को शपथ भी दिलाई। महिलाओं ने मतदान का संदेश देने के लिए रंगोली भी बनाई। पीडी और बीडीओ ने रंगोली को देखा।

## मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी लोग करें मतदान

**चन्दौसी, अमृत विचार :** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के राष्ट्रीय संयोजक अशोक गोयल ने कहा कि व्यापारी वर्ग को सुरक्षा व शांत माहौल पसंद है।

जिसके लिए मोदी व योगी सरकार में अभी भी प्रदेश व जनपद में कोई दंगा नहीं हुआ। इसलिए लोकसभा चुनाव में व्यापारी वर्ग ज्यादा से ज्यादा मतदान करके सुरक्षित सरकार को चुनें।

प्रदेश में गुंडा व दंगा मुक्त राज्य चल है। आज भारत देश ताकत बनके उभरा है। इसलिए व्यापारी वर्ग सात मई को वोटिंग के दिन स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार व परिचितों के वोट भी डलवाए।

जिससे एक मजबूत लोकतंत्र की स्थापना कराई जा सके। इस दौरान उद्योगपति भुवनेश वार्ष्णेय, अनुराग मित्तल, सचिन वार्ष्णेय आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# विधि के विद्यार्थियों ने मूट कोर्ट में की बहस

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** मॉडल पब्लिक लॉ कॉलेज में मूटकोर्ट का आयोजन किया गया। जिसका आरंभ मुख्य अतिथि चन्दौसी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश यादव, सचिव नितिन कुमार सिंह व पैनल अधिवक्ता सगीर सैफी ने दीप प्रज्वलित करके किया।

इस दौरान विधि विद्यार्थियों ने अपने तरीके से वाद की बहस की। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि मूट कोर्ट से विधि विद्यार्थियों का आत्म विश्वास बढ़ता है। अधिवक्ता होने पर किन-किन नियमों व बातों का ध्यान रखना जरूरी यह भी बताया। यदि विद्यार्थी आभासीय न्यायालय में अपने मामले को सफलता पूर्वक रखता है, तो यह उसके लिए भविष्य में बहुत महत्वपूर्ण होगा। एक आपराधिक मामले में कौन से चरण होते हैं व एक सफल अधिवक्ता को क्या-क्या सावधानियां रखनी चाहिए। इसके बाद महाविद्यालय के छठे सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के मध्य मूट कोर्ट का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों पक्षों ने बारी-बारी से बहस की। इस दौरान चंद्रेश गुप्ता एडवोकेट, रंजना शर्मा एडवोकेट, विनय राज एडवोकेट, प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक यादव, प्राचार्य डा. मनोज कुमार गुप्ता, निखत, वाईज खान, डा. अजीत सिंह, अमित कश्यप, हरी सिंह, धर्मेंद्र कुमार, समरिन, मुवसिर हुसैन, साहना परवीन, संगता, मित्रपाल, रंजीत, अवनीश, वीरेंद्र कुमार, नितिन गंगवार, शरद त्यागी, कुमकुम, ज्योति वर्मा, कौशल सैनी, आशुतोष गुप्ता आदि मौजूद रहे।




लॉ कालेज में आयोजित मूट कोर्ट में बहस करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

- अधिवक्ता होने पर किन-किन नियमों व बातों का ध्यान रखना जरूरी यह भी बताया गया

**अनदेखी** नगर पालिका के वाटर कूलर पड़े हैं खराब, गर्मी में हो रही परेशानी

# शहर के वाटर कूलरों का सूख रहा गला

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** शहर में नगर पालिका की ओर से 125 वाटर कूलर लगे हैं। जिसमें आधे से ज्यादा खराब हैं, तो कुछ का तो अस्तित्व ही खत्म हो चुका है। मई आरंभ होने पर भीषण गर्मी भी शुरू हो गई। मगर गर्मी में लोगों को अपनी प्यास बुझाने को वाटर कूलर से ठंडा पानी नहीं मिल पा रहा है। नगर पालिका ने खराब वाटर कूलरों की मरम्मत कराने की ओर ध्यान नहीं दिया है।

नगर पालिका द्वारा लगाए गए 125 में अधिकांश वाटर कूलर खराब हैं, वहीं कुछ वाटर कूलरों का अस्तित्व ही खत्म हो चुका है। कुछ वाटर कूलर की मशीन गायब है। भीषण गर्मी में जनता को सहूलियत देने के उद्देश्य से लगवाए गए वाटर कूलर शोपीस बन गए हैं। पहले नगर पालिका ने कुछ वाटर कूलरों की मरम्मत कराकर सही करा दिया था। मगर इसके बाद वाटरकूलरों पर ध्यान देना छोड़ दिया। शहर में बाहर से भी काफी संख्या में ग्रामीण अंचलों के लोग खरीदारी करने पहुंचते हैं। साथ ही शहर के लोग भी बाजार सामान लेने जाते हैं। भीषण गर्मी में अब लोगों को शीतल जल नहीं मिल पा रहा है। जिससे गर्मी में प्यास लगने पर लोग इधर-उधर हैंडपंप का सहारा लेते हैं या ठंडे पानी की बोतल खरीदकर प्यास बुझा लेते हैं।



मोहल्ला कागजी में खराब पड़ा वाटर कूलर।



फव्वारा चौक पर सूखी टोटियां।

### बड़े वाटरकूलर भी नहीं दे रहे ठंडा पानी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** राज्यमंत्री गुलाब देवी ने फव्वारा चौक व रोडवेज बस स्टैंड पर बने बड़े वाटर कूलरों को चालू कराया था। कुछ ठंडा पानी देने के बाद वाटरकूलरों ने पानी देना बंद कर दिया। जिससे गर्मी के मौसम में लोगों को ठंडा पानी नहीं मिलना बंद हो गया। काफी शिकायतों को बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है।

# उड़नदस्ता टीम ने चार लोगों से जब्त किये दो लाख रुपये

संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में संभल मुरादाबाद मार्ग पर गुरुवार को संभल व मुरादाबाद बॉर्डर पर लगे बैरियर पर वाहन चैकिंग के दौरान उड़नदस्ता टीम ने दो लाख से अधिक रुपये बरामद किए।

लोकसभा चुनाव को लेकर स्टेटिक मजिस्ट्रेट कुलदीप कुमार सिंह संभल मुरादाबाद की सीमा पर गांव महमूदपुर माफी के पास लगे बैरियर पर वाहनों को चेक कर रहे थे। मुरादाबाद की ओर से आ रहे वाहन को रोककर चेक करने पर कुलदीप कुमार सिंह को वाहन में बैठे सरफराज हुसैन व मोहम्मद उवैद के पास से 90000 हजार रुपये बरामद हुए। उड़नदस्ता टीम प्रभारी फारुख अहमद को छोटा हाथी में सवार मुरादाबाद जिले के गाव गुरेर निवासी मुस्तकीम से 58500 रुपये की नकदी मिली। वहीं महमूदपुर माफी बैरियर पर गुरेर निवासी जर्रार के पास वाहन चेकिंग के दौरान उड़नदस्ता प्रभारी महेश कुमार को 100000 रुपये मिले। जिसके बाद जब्त नकदी कुल 2,48,500 रुपयों को कोषागार में जमा कराया गया।

### चेकिंग में 15 वाहनों का चालान, दो कराए सीज

**संभल, अमृत विचार :** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत परिवहन विभाग ने चेकिंग अभियान चलाया। हेलमेट नहीं लगाने पर चार, सीट बेल्ट का प्रयोग न करने पर तीन, बीमा प्रमाण पत्र वैध नहीं होने पर दो, लोगों द्वारा लाइसेंस प्रस्तुत नहीं करने पर तीन रिफ्लेक्टर टेप न लगने पर दो, टैक्स जमा नहीं होने पर एक वाहन का चालान किया गया। ओवरलोडिंग माल परिवहन करने पर दो वाहनों को सीज किया गया। वाहन चालकों और परिचालकों को नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

# वन से लौटने को मना कर देते हैं श्रीराम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** श्री गीता सत्संग भवन में नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजित की गई है। गुरुवार को कथा के सातवें दिन कथा वाचक वीरेश अग्निहोत्री ने कहा कि श्रीराम के वियोग में दशरथ अपने प्राण त्याग देते हैं।

मगर भरत अपनी ननिहाल कैकय देश गए हुए थे। उन्हें अयोध्या बुलाया जाता है, तब भरत अयोध्या के राज्य सिंहासन को स्वीकार न करके अपनी मां कैकेई को दोष देते हुए श्रीराम को मनाने चित्रकूट धाम के लिए प्रस्थान करते हैं। चित्रकूट में श्रीराम अपने पिता के दिए हुए वचन को निभाने की खातिर 14 वर्ष तक पुनः अयोध्या वापस लौटकर आने में असमर्थता जताते हैं। तब भरत अपने बड़े भाई की चरण पादुका को अयोध्या के सिंहासन पर स्थापित करके राज काज चलाने लगते हैं। चित्रकूट धाम में 12 वर्ष निवास करके श्रीराम आगे माता अनुइया से मिलकर दंडक वन में जाते हैं। जहां रावण माता सीता का हरण करके ले जाता है। इसके बाद हनुमान जी श्रीराम की वानर राज सुग्रीव से मित्रता कराते हैं। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया।

इस दौरान वीरेंद्र कुमार, मंजू लता अग्रवाल, विपिन कुमार, मनोज कुमार, शांतनु, सुधीर अग्रवाल, शिव शंकर भारद्वाज, ओम प्रकाश आदि मौजूद रहे।



श्री गीता सत्संग भवन में कथा का श्रवण करती महिलाएं। ● अमृत विचार

- पिता को दिए वचन निभाने की खातिर घर नहीं लौटे राम
- सत्संग भवन में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा

## एक नजर

### कार्ड बदलकर निकाले 45 हजार रुपये, मामला दर्ज

**स्योहारा, अमृत विचार :** 27 अप्रैल को क्षेत्र के ग्राम पट्टी निवासी दिनेश पुत्र अतर सिंह निवासी बुढ़नपुर स्योहारा में एसबीआई के एटीएम से रुपये निकालने गया था। जहां अज्ञात युवक ने चालाकी से दिनेश का एटीएम कार्ड बदल लिया। घर आने पर दिनेश सिंह ने देखा की उसके खाते से 45 हजार रुपये की निकासी हुई है। तब उसने देखा कि उसका एटीएम कार्ड बदल गया है और उसके साथ डिजिटल ठगी हो गई है। जिसके बाद दिनेश ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गांव के गंदे पानी से निजात दिलाने की मांग

**नहटौर, अमृत विचार :** गांव इब्राहिमपुर सादो उर्फ अलीनगर में गांव से गंदे पानी की निकासी की नाली को बंद करने को लेकर ग्राम प्रधान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने थाना पहुंचकर समस्या से निजात दिलाने की मांग की। गांव इब्राहिमपुर सादो उर्फ अलीनगर में गांव के गंदे पानी की निकासी को लेकर कई माह से विवाद चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव से निकासी का पानी तालाब में जाता है। लेकिन गांव के ही मोहम्मद नादिर ने उक्त नाली पर मिट्टी डालते हुए पानी की निकासी बंद कर दी है। जिससे जलभराव हो गया है। एसडीएम से शिकायत करने पर राजस्व विभाग की टीम ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया था। ग्राम प्रधान इकबाल अहमद, जीशान, खलील अहमद, इरफान अहमद, मोहम्मद फैसल, सलमान, रहीमुददीन, अलीमुद्दीन, अबरार अहमद आदि थाने पहुंचे। लेकिन दूसरा पक्ष थाने नही पहुंचा। जिससे समस्या का समाधान नहीं हो सका। राजस्व विभाग की टीम भी इंतजार करने के बाद चली गई।

### प्लांट में फायरिंग मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**बिजनौर, अमृत विचार :** शिवाला कलां क्षेत्र में सड़क बनाने वाले प्लांट में घुसकर फायरिंग व आगजनी के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के दौरान प्रकाश में आये संजीव कुमार पुत्र राजेश्वर प्रसाद निवासी ग्राम गोपालपुर थाना नूरपुर जनपद बिजनौर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से दो तमंचे, एक तमंचा, 01 पौनिया, एक बन्दूक, एक बन्दूक, आठ खोखे, दो कारतूस बरामद किए गए।

# बोक्सा जनजाति बस्तियों का कराएं विकास

## डीएम ने दिए जनजाति के लोगों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर



बैठक में बोलते जिलाधिकारी, साथ में सीडीओ व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने विभागीय अधिकारियों को केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से शत प्रतिशत रूप से आच्छादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीएम जनधन योजना विशेष रूप से जिले में पिछड़ी जनजाति समूह की सामाजिक आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य पिछड़ी जनजातीय समूहों, परिवारों और बस्तियों तक बुनियादी सुविधाओं और सेवाओं को पहुंचाकर उनकी सामाजिक, आर्थिक स्थितियों में सुधार करना है।

जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम जनधन योजना तथा मॉडल विलेज बनाने के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के कई ब्लॉकों में रहने वाले बोक्सा जनजाति के लोगों का राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें तथा कोई भी पात्र व्यक्ति बोक्सा जाति प्रवासी गांव में शासन द्वारा संचालित विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विभिन्न विभागों के समन्वय से ऐसे समुदायिक क्षेत्रों में पेयजल, आवास, सड़क, मोबाइल मेडिकल यूनिट, छात्रावास निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, वनधन केंद्र की स्थापना, इंटरनेट एवं मोबाइल सर्विस की उपलब्धता तथा आजीविका संवर्धन के लिए कौशल विकास सहित अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि बोक्सा समुदाय के गावों में खोले गए स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण भी करें। उन्होंने कहा कि शासन की सभी योजनाओं से विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को लाभान्वित करने के लिए सबसे जरूरी है, इनका आधार पंजीयन होना। इस अवसर पर सीडीओ पूर्ण बोरा, परियोजना निदेशक ज्ञानेश्वर तिवारी, डीडीओ रचना गुप्ता, सीएमओ डॉ. विजय कुमार गोयल मौजूद थे।

### विकास खंडों में गंभीरता से हों काम

**बिजनौर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विकास खंड कोतवाली व नजीबाबाद के सभी मानकों पर संबंधित विभागीय समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के विकास खण्डों को मुख्यधारा में शामिल करने के लिए शासन द्वारा निर्धारित संकेतकों के अनुरूप विकसित करने के लिए कार्य करें और पूर्ण गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग डाटा फीडिंग का कार्य ठीक प्रकार से सुनिश्चित करें तथा सभी विभागाध्यक्ष डाटा फीडिंग की जांच भी करें। उन्होंने ओडीओपी के तहत सभी कार्यों को बेहतर करने के निर्देश दिए।

## बाढ़ राहत कार्यों की समय से करें तैयारी

**बिजनौर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ नियंत्रण की तैयारी को लेकर बैठक हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश कहा कि बाढ़ राहत कार्य की तैयारियां समय से पूरी कर लें।

उन्होंने निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावी क्षेत्रों में राशन, पानी बाढ़ शिविर की व्यवस्था और गांव में आने जाने के रास्ते भी ठीक होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां नाव लगेगी वहां से बस्ती में जाने का रास्ता ठीक होना चाहिए। वैकल्पिक व्यवस्था में भवन एवं आश्रय स्थलों में जनरेटर सोलर लाइट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। नाव संचालकों की सूची होनी चाहिए। उन्होंने प्रभावित क्षेत्र, घाटों सहित गंगा एवं अन्य नदी के किनारों की सुरक्षा से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा कर निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि/राअरविन्द कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय गोयल, जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया अधिशासी अभियंता बाढ़ नियत्रंण, अपदा विशेषज्ञ प्रशान्त श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## सार संक्षेप

### 225 हज यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर किया टीकाकरण

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** नगर के कासमिया इंटर कॉलेज में हज कमेटी ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित शिविर में डॉ. कोनेन, डॉ. शाकिर अली आदि ने 225 हज यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर टीकाकरण किया। इस दौरान मौलाना इरफान ने हज करने का तरीका भी बताया। पालिका के चेयरमैन मुअज्जम ने हज कमेटी से मिली गाइडलाइन की जानकारी देते हुए हज, उमरा, सफर आदि के बारे में जानकारी दी। मुफ्ती जावेद कासमी ने हज की फजीलत बताते हुए मुल्क में अमनो अमान की दुआ कराई। इस मौके पर पालिका के चेयरमैन की सहयोगी टीम में राशिद हुसैन, मोइनुद्दीन, सहल खान, फैसल, फराज, हाशिम, कमर आलम, सय्यद परवेज, अदनान अंसारी, दानिश खान आदि मौजूद रहे।

### पंप हाउस से दो बैटरी व इन्वर्टर चोरी

**नहटौर, अमृत विचार :** गांव गिलाड़ी में पानी की टंकी के परिसर में पंप हाउस के कमरे का ताला तोड़कर चोर दो बैटरे व इन्वर्टर ले गए। चोरों ने सोलर पैनल की वायरिंग भी काट दी। गांव गिलाड़ी निवासी प्रवेन्द्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि गांव में पानी की टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है। सामान की सुरक्षा के लिए वहां एक चौकीदार रहता है। सुबह करीब छह बजे वह पंप हाउस के कमरे का ताला लगाकर घर चला गया। उसके बाद चोरों ने पंप हाउस के कमरे का ताला तोड़कर दो बैटरी व एक इन्वर्टर चोरी कर लिया। जब वह करीब 10 बजे पहुंचा तो चोरी होने का पता चला। चोरी करने से पहले टंकी परिसर में लगे सोलर पैनल की वायरिंग को भी काट दिया गया।

### जांच के दौरान दिल्ली से चोरी स्कूटी बरामद, चोर पकड़ा

**अफजलगढ़, अमृत विचार :** मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दिल्ली से चोरी स्कूटी एक्टिवा और चाकू के साथ एक चोर को पकड़ लिया। पुलिस ने चोर के खिलाफ कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा ने बताया कि एसएसआई श्रीपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग अभियान चला रखा था। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शुगर मिल अफजलगढ़ के समीप स्कूटी एक्टिवा सवार युवक को रोका। पुलिस को देखते ही युवक ने स्कूटी को मोड़ लिया। पुलिस ने उसका पीछा किया और स्कूटी और अवैध चाकू के साथ युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि स्कूटी दिल्ली की है। मालूम हुआ कि 23 अक्टूबर 2023 को स्कूटी की चोरी का मुकदमा गाजीपुर दिल्ली थाने में पंजीकृत है। चोर ने स्कूटी हरिजन बस्ती मुल्ला कॉलोनी वसुंधरा एन्क्लेव दिल्ली से चोरी की थी। स्कूटी एक्टिवा सवार युवक इमरान उर्फ मानू पुत्र अल्लादिया निवासी मोहल्ला बन्दूचियान कस्बा धामपुर को कोतवाली अफजलगढ़ लाया गया। युवक ने बताया कि स्कूटी डीएल7एससीपी 7463 दिल्ली से चोरी की गई थी। थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कोतवाली धामपुर समेत अन्य थानों में विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज है।

### गोवंश तस्करों की 77 लाख की संपत्ति की कुर्क

**डिडौली, अमृत विचार :** क्षेत्राधिकारी नगर अरूण कुमार, प्रभारी निरीक्षक थाना डिडौली, नायब तहसीलदार अमरोहा व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने गोवंश पशुओं की तस्करी व वध कर मांस विक्रय करने के कारोबार में संलिप्त तीन अभियुक्तों मोनिस उर्फ भुल्लन पुत्र राशिद, इमरान उर्फ बिहारी पुत्र अमानत, शौकीन पुत्र यामीन उर्फ मोबीन निवासी ढकिया चमन थाना डिडौली जनपद अमरोहा के खिलाफ ग्राम ढकिया चमन में डुगडुगी एवं ढोल बजाकर लगभग 77 लाख रुपये की अवैध संपत्ति कुर्क की गई। अभियुक्तों ने चोरी छिपे प्रतिबन्धित गोवंश पशुओं की तस्करी, वध व मांस विक्रय कर अवैध रूप से धन अर्जित कर अचल सम्पत्ति जिनमें तीन मकान जिसकी अनुमानित कीमत 77 लाख अर्जित की गई। जिसको जब्त किया गया है।

### सीआरपीएफ से सेवानिवृत्त होने पर किया स्वागत

**गजरौला, अमृत विचार :** सीआरपीएफ से सेवानिवृत्त हुए फौजी का परिवार व गांव के लोगों ने स्वागत किया। गजरौला ब्लाक क्षेत्र के गांव पाल निवासी दर्शन सिंह सीआरपीएफ में हवलदार थे। पिछले दिनों उन्होंने अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद सेवानिवृत्ति प्राप्त की। सीआरपीएफ के अधिकारियों ने उनको फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया और उनके अच्छे भविष्य की कामना की। गुरुवार को गांव पहुंचने पर परिवार व गांव के लोगों ने दर्शन सिंह का स्वागत किया।



सीआरपीएफ के सेवानिवृत्त हवलदार का स्वागत करते लोग।

### श्री मद्भागवत कथा से पहले निकाली कलश यात्रा

**डिडौली, अमृत विचार :** अमरोहा ब्लाक के गांव बरखेड़ा सादात में श्री मद्भागवत कथा से पहले महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कथा वाचक ओम जी महाराज भी मौजूद रहे। कलश यात्रा गांव में भ्रमण करती हुई शिव मंदिर से होते हुए कलश यात्रा पंडाल पहुंची। इस अवसर पर ममता रानी, छाया गुप्ता, बिन्तेस, शिल्पी, पल्लवी, भूमिका, रीता, राखी, स्वाति, राजबाला, राधा यादव कुसुम, रुक्मिणि राजेन्द्र अग्रवाल, विशाल, अंकित, पंकज, आकाश, देवेंद्र कुमार, गजेंद्र कुमार, सुशील शर्मा रहे।

### जंगल में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**रहरा, अमृत विचार :** रहरा थाना क्षेत्र गांव चंदनपुर के जंगल में कीकर के पेड़ से युवक का शव लटका मिला। इसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम लिए भेजा। गांव सिरसा कलां निवासी तौफिक पुत्र शराफत उम्र लगभग 30 वर्ष मजदूरी एवं खेती-बाड़ी करके परिवार का पालन पोषण करता था। परिजनों के मुताबिक तौफीक एक सप्ताह से ससुराल में रह रहा था। वह अपनी ससुराल से गुरुवार सुबह से लापता था। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी कि जंगल में युवक का शव फंदे से लटका हुआ है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने तौफीक की हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक पांच भाई बहनों में सबसे बड़ा था। उसके परिवार में पीछे और दो बच्चे हैं।

### ईदगाह, वासुदेव मंदिर क्षेत्र में आठ घंटे ठप रही आपूर्ति

**अमरोहा, अमृत विचार :** विद्युत विभाग ने जर्जर तारों को बदलने का कार्य किया। इस दौरान ईदगाह और वासुदेव मंदिर क्षेत्र के बिजली आपूर्ति को आठ घंटे बंद रखा गया है। गुरुवार को विभागीय अधिकारी जीडी प्रजापति ने बताया कि बिजली के जर्जर तारों को बदलने का कार्य सुबह सात से लेकर दोपहर बाद तीन बजे तक किया गया है। उन्होंने बताया कि बिजली लाइन पर हो रहे कार्य को देखते हुए ईदगाह और वासुदेव मंदिर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को बंद रखा गया। शाम चार बजे करीब क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को सुचारु कर दिया है।

# ट्रांसफार्मर पर झुके पेड़ को नहीं हटाने की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर



ट्रांसफार्मर पर झुका पेड़।

**अमृत विचार :** नजीबाबाद में विद्युत ट्रांसफार्मर पर झुके हुए पेड़ की डाल को हटाने पर खर्च होने वाली धनराशि बिजली विभाग द्वारा जमा न करने की शिकायत उप जिलाधिकारी से की गई है।

आदर्शनगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने उप जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह को अवगत कराया है कि कोतवाली मार्ग स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक पेड़ बराबर में रखे विद्युत ट्रांसफार्मर और उच्च क्षमता की विद्युत लाइन पर झुक गया है। जिस कारण कभी भी कोई घटना घट सकती है। बारिश के दौरान पेड़ करंट आ जाता है। आरटीआई कार्यकर्ता ने उप जिलाधिकारी को बताया कि इस संबंध में जब सामाजिक वानिकी विभाग को अवगत कराया तो सामाजिक वानिकी प्रभाग बिजनौर के प्रभागीय निदेशक ने उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण खंड नजीबाबाद को पत्र लिखकर वृक्ष के हटाने पर खर्च होने वाली धनराशि को राजकीय कोष में जमा करने की बात कही थी। परंतु अभी तक धनराशि जमा नहीं की गई है। जिससे हर समय खतरा बना रहता है। इसके साथ-साथ वन विभाग ने कहा है कि इस पेड़ के कारण हादसा भी हो सकता है।





महिला सेवा संगठन के वार्षिक उत्सव में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

# स्नेह लता अध्यक्ष, ऊषा बनीं सचिव

संवाददाता, नजीबाबाद

**अमृत विचार :** महिला सेवा संगठन द्वारा 49वां वार्षिक उत्सव माहेश्वरी धर्मशाला में मनाया। कार्यक्रम का आरंभ संगठन की अध्यक्ष रमा शुक्ला व सचिव रमा अग्रवाल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

संगठन की संस्थापक सदस्यों माया रंधर, स्नेह लता अग्रवाल एवं ऊषा माहेश्वरी ने संगठन के 49 वर्षों का अनुभव साझा किया। बताया कि संगठन बिना किसी दिखावे व बिना भेदभाव के साथ निरंतर सर्व समाज के लिए सेवा कार्य कर रहा है और आगे भी निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य जारी रहेगा। निर्धन छात्राओं की फीस हो या किसी निर्धन कन्या का विवाह, आपदा की स्थिति हो, संगठन अडिग व एकजुट होकर सेवा समर्पण के लिए खड़ा है। इस अवसर पर संगठन की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें स्नेह लता अग्रवाल को अध्यक्ष, ऊषा माहेश्वरी को सचिव, रमा अग्रवाल को उपाध्यक्ष, अमिता अरोरा को उप सचिव चुना गया। सभी ने नवनिर्वाचित टीम को बधाई दी व समाज सेवा के इस मिशन को जारी रखने का संकल्प लिया। डॉ. वर्षा अग्रवाल व सुमन मिश्रा के संयुक्त संचालक में आयोजित कार्यक्रम में तनु गोयल, नेहा, पुष्पा, कामनी, उर्मिला, मंजुला, मोना, निशा, मालती, किरन, बबिता, अनिता, पूनम, सुमन आदि रहीं।

# सड़कों से अतिक्रमण हटवाकर दी चेतावनी

संवाददाता, अफजलगढ़

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के आदेश पर नगर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने और जाम से छुटकारा दिलाने के लिए थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा के नेतृत्व में पुलिस व नगर पालिका टीम ने भी कार्रवाई की।

पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के आदेश पर गुरुवार को नगर स्थित जसपुर तिराहे सहित कई स्थानों पर थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा व नगर पालिका कर्मी पुलिस टीम के साथ सड़क पर उतरे। पुलिस को देखकर दुकानदार अपनी दुकान के आगे लगे वाहन और लोहे का बना स्लैब हटाने लगे। पुलिस ने जसपुर तिराहे, धामपुर मार्ग, कालागढ़ मार्ग सहित अन्य इलाकों के सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराया। पुलिस ने अतिक्रमण करने वाले लोगों की ठेलियों को पीछे हटवाया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा के आलावा बृजमोहन, नगर पालिका सफाई नायक रोहिताश पंवार, अमर पंवार, राजवीर पंवार, कांस्टेबल राहुल कुमार, कांस्टेबल पंकज कुमार सहित पालिकाकर्मी व पुलिस कर्मी मौजूद थे।



किरतपुर में बुलडोजर के साथ सड़क से अतिक्रमण हटवाती पालिका टीम। ● अमृत विचार

### सख्त कार्रवाई के साथ लगेगा जुर्माना : ईओ

ईओ एसपी सिंह ने कहा कि जसपुर तिराहे पर दुकानदार अतिक्रमण करेंगे तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई के अलावा जुर्माना भी लगाया जाएगा। नगर को जाम और अतिक्रमण से मुक्त कराने को लेकर अभियान लगातार चलाया जाएगा। अतिक्रमण करने के मामले में पुलिस दुकानदार को हिदायत देंगे और नगर पालिका जुर्माना लगाएंगे। इसके बाद दूसरे फेज में पुलिस के द्वारा सीधा दुकानदार पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### अतिक्रमण हटाकर जुर्माना वसूला

**किरतपुर, अमृत विचार :** उपजिलाधिकारी के निर्देश पर नगर पालिका टीम व पुलिस ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। उपजिलाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। जिसमें सीओ नजीबाबाद देश दीपक, थाना अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, हल्का इंचार्ज शिव कुमार व पालिका प्रधान लिपिक हसन मुस्तफा के नेतृत्व में पुलिस व नगर पालिका परिषद टीम ने संयुक्त टीम बनाकर नगर के मुख्य चौराहे जैसे स्टेशन चौराहा, नगीना रोड, बस स्टैंड, मंडावर रोड पर अभियान चलाया। टीम ने अतिक्रमण हटवाते हुए लगभग 2100 रुपये का जुर्माना वसूला। अतिक्रमण हटाओ टीम में पुलिस बल के साथ पालिका सफाई लिपिक सुरेंद्र सिंह, ज्ञानेश्वरानंद, बाबूराम, गोपाल दत्त शर्मा, सुंदर सिंह, प्रेम कुमार, मुस्तकीम, उमेंद्र, प्रशांत, नासिर, अदनान, अजहर, नौमान मौजूद रहे।

# चार दिन पहले तालाब में गिरे गोवंश की मौत, ग्रामीणों में रोष

संवाददाता, हसनपुर

- ग्रामीणों ने प्रधान एवं सचिव पर सफाई न कराने का आरोप लगाया, किया प्रदर्शन

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव के तालाब में चार दिन पहले गिरे गोवंश की मौत हो गई। उसके शव से फैल रही बदबू से लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने प्रधान एवं सचिव पर सफाई न करने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की।

तहसील क्षेत्र के ब्लॉक हसनपुर के गांव शेखूपुरा झकड़ी में एक तालाब है। जिसमें चार दिन पहले एक गाय गिर गई थी, लेकिन जिम्मेदारों ने निकलवाने की जहमत नहीं उठाई। गोवंश की तालाब में ही मौत हो गई। गुरुवार को जब तालाब से बदबू उठी तो ग्रामीणों का बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान विनोद से गोवंश के शव को निकलवाने के लिए कहा तो प्रधान ने आनाकानी की। इससे नाराज ग्रामीणों ने पीआरबी को मौके पर बुलाया, लेकिन कोई हल नहीं निकला। इसके बाद ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी देवेंद्र का कहना है कि गांव की सफाई व्यवस्था पर प्रधान एवं सचिव द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जाता। चार दिन पहले तालाब में गाय गिर गई थी। जिसकी मौत हो गई और सफाई कराने के नाम पर सिर्फ तालमटोल किया जा रहा है। प्रदर्शन करने वालों में वीरवती, बीनू चौधरी, लाल सिंह, सत्येंद्र कुमार, देवेंद्र, रविंद्र, पुष्पेंद्र, कैलाश, लाला, विवेक, दीपक, प्रकाश आदि ग्रामीण मौजूद रहे। उप जिलाधिकारी भगत सिंह ने जानकारी होने से इंकार किया। कहा कि अगर ऐसा मामला है तो समस्या का समाधान कराया जाएगा।

### महिलाओं समेत चार लोगों को पीटकर किया घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** गजरौला के मोहल्ला शांति नगर निवासी अमन व आकाश पुत्र यशपाल सिंह पत्नी आरकीन के साथ थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव मरौरा निवासी अपनी बहन काजल को लेकर गुरुवार शाम कार से घर लौट रहे थे। रास्ते में शाहपुर कलां गांव के निकट बाइक सवार कुछ युवकों ने कार का पीछा करना शुरू कर दिया। बाइक सवार युवकों ने फोन करके और युवकों को बुला लिया। उसके बाद बाइक सवार युवकों ने रहरा अड्डे पर कार को रोककर चारों के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस दो आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने ले आई। पुलिस ने घायलों को मेडिकल कराने के लिए भेज दिया। आरोपियों के खिलाफ पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दे दी है। वहीं, पुलिस मामले की अग्रिम कार्रवाई में जुटी है।

### आंगन में पेड़ से लटका मिला महिला का शव

**हापुड़, अमृत विचार :** बाबूगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव के मकान के आंगन में खड़े पेड़ से एक महिला का शव लटका मिला। बाबूगढ़ छावनी क्षेत्र के गांव मुबारिकपुर निवासी 40 वर्षीय महिला रेखा पत्नी श्रीकिशन का शव बुधवार देर रात घर के आंगन में खड़े पेड़ से लटका मिला। महिला की पति से बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे बातचीत हुई थी। जब रात 12 बजे मृतका का भाई आया तो महिला का शव देख उसके होश उड़ गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी पटनीश कुमार का कहना है मामला घरेलू कलह का लगता है।

### मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**हापुड़, अमृत विचार :** पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर वरुण मिश्रा ने बताया कि थाना कोतवाली हापुड़ देहात पुलिस बदमाशों की तलाश में चेकिंग कर रही थी कि बाइक पर सवार एक व्यक्ति को रुकने का इशारा किया तो वह पुलिस पर फायर कर भागने लगा। पुलिस ने जबावी कार्रवाई करते हुए गोली चलाई। गोली लगने से बाइक सवार घायल हो गया और पुलिस ने उसे दबोच लिया। पकड़ा गया बदमाश 25 हजार रुपये का इनामी है। घायल बदमाश की पहचान कपिल कुमार उर्फ रावण पुत्र निर्दोष कुमार निवासी ग्राम नियामू थाना चरथावल जनपद मुजफ्फरनगर के रूप में हुई है।

## विदेश में नौकरी के नाम पर ठगे 1.15 लाख रुपये

**अमरोहा, अमृत विचार :** विदेश में नौकरी के नाम पर मजदूर से 1.15 लाख रुपये ठग लिए गए। पुलिस ने तहरीर पर दो आरोपियों पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शफातपोता के निवासी सरताज अहमद के बेटे शाहबाज को मोहल्ला कटकुई निवासी सरताज के रिश्तेदार दानिश ने विदेश में नौकरी लगवाने झांसा दिया और मोहल्ला अहमदनगर निवासी दानिश ने अपने दोस्त उस्मान से मुलाकात कराई। आरोपियों ने 35 हजार रुपये ले लिए। इसके अलावा सरताज ने 80 हजार रुपये और भी रकम उस्मान के बैंक खाते में ट्रांसफर किए। उस्मान ने वीजा के साथ फ्लाइट टिकट और एग्रीमेंट बनाकर शहबाज को दे दिया था। बाद में जांच में तीनों दस्तावेज फर्जी निकले। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने दानिश और उस्मान पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# तीन सफाई कर्मचारी काम में लापरवाही बरतने पर निलंबित

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- कई और कर्मचारियों के वेतन रोकने की कार्रवाई की गई

**अमृत विचार :** जिला पंचायत राज अधिकारी ने कार्य में लापरवाही बरतने वाले तीन सफाई कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनको निलंबित कर दिया है।

जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसौदिया ने सभी ब्लॉकों में स्वच्छता अभियान को तेजी के साथ चलाने के निर्देश जारी किए थे। इस दौरान तीन ब्लॉक में कुछ कर्मचारियों की सफाई के प्रति लापरवाही सामने आई। जिला पंचायत राज अधिकारी पारूल सिसौदिया ने गंगेश्वरी ब्लॉक में तैनात विशाल पुत्र चंद्रपाल, गजरौला ब्लॉक में राजेश पुत्र रामकिशन और अमरोहा ब्लॉक के सरफराज को निलंबित कर दिया है। डीपीआरओ ने सभी ब्लॉक के कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान को गंभीरतापूर्वक अमल में लाया जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी में ग्रामीण क्षेत्रों में संचारी रोग तेजी के साथ फैल रहे हैं। बीमारी को रोकने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई सफाई होनी चाहिए। सभी सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिए कि कार्य के प्रति लापरवाही न बरती जाए। डीपीआरओ ने बताया कि निलंबित किए तीनों सफाई कर्मचारी पिछले काफी समय से ड्यूटी से अनुपस्थित चल रहे थे। जिस कारण इनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि आचार संहिता से पहले कुछ सफाई कर्मचारियों के स्थानांतरण किए गए थे लेकिन उन्होंने स्थानांतरण स्थल पर ड्यूटी को ज्वाइन नहीं किया और अनुपस्थित हो गए हैं। ऐसे कर्मचारियों का वेतन भी रोक दिया गया था।

# 11वीं के छात्र ने अध्यापक को दी धमकी

संवाददाता, मंडी धनौरा/ बछरायूं



थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग करते अध्यापक। ● अमृत विचार

- अध्यापक ने थाने में तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार :** कस्बा बछरायूं स्थित इंटर कॉलेज के अध्यापक ने कॉलेज प्रबंधन के साथ थाने में तहरीर देकर अपने ही स्कूल के 11वीं के छात्र व उसके साथियों द्वारा हमला कर जान से मारने की धमकी को लेकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

नगर के इंटर कॉलेज में अध्यापक के रूप में कार्यरत लवी कुमार पुत्र उदयवीर सिंह निवासी ग्राम कपसुआ बीते बुधवार को स्कूल से कार्य समाप्त होने के बाद अपने घर जाने के लिए बाइक से विद्यालय से निकले थे। जैसे ही वह गिल हॉस्पिटल के समीप पहुंचे तो विद्यालय के 11वीं कक्षा में पढ़ने वाले एक छात्र निवासी गांव मोहम्मदपुर पट्टी ने उनकी बाइक रोक कर उन पर हमला कर दिया। वहां से जाते हुए अरुण कुमार ने तमंचा व चाकू दिखाते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। जिसको लेकर विद्यालय प्रबंधन ने अध्यापक लवी के साथ थाने पहुंचकर कार्रवाई को लेकर शिकायत दर्ज कराई। जानकारी देते हुए अध्यापक लवी कुमार ने बताया कि अरुण कक्षा 11 का छात्र है। उन्होंने बताया कि छात्र चार दिन पहले फोन पर उन्हें जान से मारने की धमकी भी दे चुका है। इस घटना से सभी अध्यापकों में रोष है। अध्यापकों ने थाने में तहरीर देकर छात्र के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक अलका चौधरी से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि मामला में तहरीर प्राप्त हुई है। जिसमे संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

